दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शनिवार 06 जून -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 163 पेज - 08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## एआई सेक्टर का नया हब बनेगा भारत

### पीएम मोदी बोले- दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत में आकार ले रही



**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को लेकर दुनिया की बड़ी कंपनियों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रा तेजी से आगे बढ़ रही है और अब वैश्विक कंपनियां भारत को भविष्य के बड़े टेक्नोलॉजी केंद्र के रूप में देख रही हैं। इसी कड़ी में एयरट्रंक ने भारत में करीब 3 लाख करोड़ रुपये यानी 30 अरब डॉलर निवेश करने की योजना का ऐलान किया है। कंपनी देश में 5 गीगावॉट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करेगी। इसे भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अब तक के सबसे बड़े प्रस्तावित निवेशों में माना जा रहा है।

एयरट्रंक के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रॉबिन खुदा ने कहा कि अब एआई की दौड़ सिर्फ तकनीक तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत ने खुद को दुनिया के सबसे आकर्षक डिजिटल निवेश केंद्रों में शामिल कर लिया है। रॉबिन खुदा ने कहा कि उनकी कंपनी के इतिहास में यह सबसे बड़े डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यक्रमों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जब कंपनी भारत आई थी, तब की तुलना में अब यहां अवसर और भी बड़े दिखाई दे रहे हैं। यही वजह है कि कंपनी भारत में अपने निवेश का दायरा बढ़ा रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इतने बड़े निवेश से भारत में डेटा सेंटर उद्योग को नई रफ्तार मिलेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने निवेश को लेकर क्या कहा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह निवेश भारत को क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के वैश्विक केंद्र के रूप में मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के बड़े निवेश से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय सप्लाई चेन को भी मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था का अहम केंद्र बनता जा रहा है। उनका कहना था कि भविष्य की डिजिटल दुनिया का आकार अब भारत में तय हो रहा है। मोदी ने इसे देश की डिजिटल ताकत और स्थिर नीतियों का बड़ा संकेत बताया।

एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण दुनिया भर में बड़े डेटा सेंटर की जरूरत बढ़ रही है। भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और सरकारी सेवाएं भी तेजी से डिजिटल हो रही हैं। ऐसे में बड़े डेटा सेंटर देश की डिजिटल जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## खोड़ा में 16 जून को हो सकता है बुलडोजर एक्शन

### 1600 से अधिक अपराधियों का हुआ अब तक सत्यापन

**मर्डर**

**सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस- प्रशासन हाई अलर्ट पर और कमिश्नर डीएम से लेकर थाना प्रभारी तक कर रहे लगातार मॉनिटरिंग**


हत्यारोपी असद (मृतक)


मृतक सूर्या प्रताप चौहान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा में बकरीद के दिन हुए चर्चित सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। यह मामला अब स्थानीय स्तर से निकलकर राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन चुका है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों और देशभर से आने वाले यू ट्यूबर्स की खोड़ा में लगातार आवाजाही बनी हुई है।

ऐसे में पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 16 जून को प्रशासन कोई बड़ी कार्रवाई कर सकता है। हत्या के मुख्य आरोपियों से जुड़े निमार्णों पर बुलडोजर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। हालांकि प्रशासन की ओर


**बुल्डोजर एक्शन**

से अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन संबंधित विभागों ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूर्या हत्याकांड के बाद चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खोड़ा क्षेत्र में अब तक 1600 से अधिक अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों और विभिन्न मामलों में वांछित अभियुक्तों का सत्यापन किया जा चुका है। पुलिस की जांच में कई संदिग्धों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। पूरे घटनाक्रम की निगरानी स्वयं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के स्तर से की जा रही है। डीसीपी धवल जयसवाल, एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारियों सहित वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन कई घंटे तक खोड़ा क्षेत्र में डेरा डालकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं।

क्षेत्र में लगातार फ्लैग मार्च, सत्यापन अभियान और खुफिया निगरानी जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सूर्या हत्याकांड के बाद खोड़ा में चल रहा यह अभियान कमिश्नरेट की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक माना जा रहा है।

## भारत सरकार के बोर्ड ऑफ ट्रेड में डॉ. उपासना अरोड़ा को मिली जगह

### स्वास्थ्य क्षेत्र को मिला बड़ा प्रतिनिधित्व



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत देश की सर्वोच्च व्यापार सलाहकार संस्था बोर्ड ऑफ ट्रेड में 29 गैर-सरकारी सदस्यों को नामित किया गया है। इस प्रतिष्ठित बोर्ड में यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा को भी शामिल किया गया है। डॉ. उपासना अरोड़ा का चयन ऐसे समय में हुआ है जब भारत वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल और हेल्थकेयर सेवा निर्यात के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। उनकी नियुक्ति को देश के स्वास्थ्य क्षेत्र और चिकित्सा सेवाओं के बढ़ते महत्व की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

नवगठित बोर्ड में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इनमें भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी.एस. सेटी, एप्पल इंडिया के प्रबंध निदेशक विराट भाटिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा के एमडी एवं सीईओ अनीश शाह तथा कॉन्टिनेंटल कैरियर्स के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव वोहरा सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं।

बोर्ड ऑफ ट्रेड केंद्र सरकार को व्यापार, निर्यात, निवेश और औद्योगिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सलाह देने वाली शीर्ष संस्था है। डॉ. उपासना अरोड़ा की मौजूदगी से स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल टूरिज्म से जुड़े विषयों को राष्ट्रीय व्यापार नीति में और अधिक प्रभावी प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद है। यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने इस उपलब्धि को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि यह नियुक्ति भारत के हेल्थकेयर सेक्टर की बढ़ती वैश्विक भूमिका को दशार्ती है। डॉ. अरोड़ा लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## यूपी गेट पर महापौर का बुलडोजर एक्शन

### अवैध पार्किंग से लेकर वॉटर एटीएम तक पर चला शिकंजा







ग्रीन बेल्ट कब्जाकर चल रही थी पार्किंग, कागजों से ढाई गुना बड़ा मिला वॉटर एटीएम, दो दिन का अल्टीमेटम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में अवैध कब्जों, मनमानी पार्किंग और नियमों को ताक पर रखकर चल रहे वॉटर एटीएम के खिलाफ शुक्रवार को महापौर सुनीता दयाल का सख्त रुख देखने को मिला।

नगर निगम की टीम के साथ यूपी गेट पहुंचीं महापौर ने मौके पर कई गंभीर अनियमितताएं पकड़ीं। ग्रीन बेल्ट पर अवैध पार्किंग, तय मानकों से कई गुना बड़े वॉटर एटीएम और विज्ञापन के नाम पर खड़ी की गई खतरनाक संरचनाओं को लेकर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मैक्स हॉस्पिटल के पीछे की ग्रीन बेल्ट पर अवैध रूप से पार्किंग संचालित होती मिली। हरियाली हटाकर वाहनों की पार्किंग कराई जा रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि पार्किंग से वसूली तो हो रही थी, लेकिन निगम को राजस्व नहीं मिल रहा था।

इस पर महापौर ने मौके पर ही पार्किंग खाली करवाई और संबंधित संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। यूपी गेट पर लगे वॉटर एटीएम भी जांच के घेरे में आ गए। एक एटीएम का क्षेत्रफल कागजों में 17.10 फीट दर्ज था, जबकि मौके पर उसका आकार लगभग 40.10 फीट पाया गया। आरोप है कि अतिरिक्त जगह का उपयोग बड़े-बड़े विज्ञापन लगाकर कमाई के लिए किया जा रहा था। इतना ही नहीं, कई एटीएम पर कोर्ट के स्टे का हवाला देकर संरचनाएं बचाने की कोशिश की जा रही थी, जबकि विज्ञापन लगातार बदले जा रहे थे।



### मेयर ने दिया दो दिनों का दिया अल्टीमेटम

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने साफ कहा कि शहर में अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रीन बेल्ट पर कब्जा, नियमों के विपरीत विज्ञापन और जनता को खराब पानी उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि पार्किंग संचालकों और वॉटर एटीएम मालिकों को नोटिस जारी कर दो दिन का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में जवाब और सुधार नहीं मिलने पर अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### नियम का बनाया जा रहा था मजाक, हुआ सख्त एक्शन

**करंट क्राइम :** निरीक्षण के दौरान लोगों ने शिकायत की कि एटीएम से मिलने वाला पानी न तो ठंडा है और न ही साफ। कई जगहों पर पानी गंदा और गर्म मिलने की बात सामने आई। एक एटीएम पर लगभग 25 से 30 फीट ऊंचा दो मंजिला विज्ञापन ढांचा लगा मिला, जिसे अधिकारियों ने हादसे का बड़ा कारण बताया। चौंकाने वाली बात यह रही कि एक एटीएम की छत पर परिवार के रहने की भी जानकारी मिली, जिससे किसी दुर्घटना की स्थिति में जानमाल के नुकसान की आशंका जताई गई।

## लोनी मामला: 50 हजार का ईनामी मोहित गिरफ्तार

### 20 टीमें भी नहीं तलाश सकीं ओमकार का शव, डीसीपी, एसीपी और कई प्रभारी रहे मौजूद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी के चर्चित ओमकार अपहरण एवं हत्या प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी मोहित पंडित को लोनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी ग्रामीण ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर गिरफ्तारी का खुलासा किया। वहीं, आरोपियों की निशानदेही के बावजूद अब तक ओमकार का शव बरामद नहीं हो सका है, जिसकी तलाश में पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और गोताखोरों की 20 टीमें लगातार गंगनहर में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

### पंचायत में हुई बेइज्जती का लिया खूनी बदला

करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार 30 मई को ओमकार के अपहरण और गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में थाना लोनी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि 20 मई को वाहन टक्कर को लेकर हुए विवाद और 29 मई की पंचायत में कथित बेइज्जती का बदला लेने के लिए आरोपियों ने साजिश रची थी। गिरफ्तार आरोपी मोहित ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों सौरभ उर्फ डोल, गौरव, गोपाल और अन्य के साथ मिलकर ओमकार की हत्या की योजना में शामिल था। आरोपियों ने ओमकार को रास्ते में रोककर गोली मारी, शव को कार की डिग्गी में रखा और बाद में गंगनहर क्षेत्र में फेंक दिया।

### अब तक 23 आरोपी दबोचे



करंट क्राइम : थाना लोनी पुलिस ने अपहरण और हत्या की साजिश के मामले में 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी मोहित पुत्र मुकुट पंडित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उसके अलावा सागर, विनीत, मनीष, संदीप और ज्योति को भी गिरफ्तार किया है, जिन पर आरोपियों को संरक्षण देने और आपराधिक षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक 30 मई को गनौली निवासी सुरेंद्र की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने गोली मारकर अपहरण की वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मैनुअल इनपुट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिए पूरी साजिश रची गई थी। इस मामले में अब तक 23 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि पुलिस अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

### 20 टीमें कर रहीं शव की तलाश







**करंट क्राइम :** ओमकार के शव की बरामदगी के लिए थाना लोनी, निवाड़ी, मुरादनगर और मसूरी पुलिस के अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय गोताखोरों तथा ड्रोन कैमरों की मदद से गंगनहर में व्यापक सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि शव की तलाश के लिए 20 अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। डीसीपी ग्रामीण ने प्रेसवार्ता में बताया कि मामले की हर कड़ी को जोड़कर कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और शव बरामदगी के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही पूरे मामले का अंतिम खुलासा कर दिया जाएगा।


## गाजियाबाद प्रीमियर लीग का भव्य आगाज, तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने किया ट्रॉफी का लोकार्पण

### राजनगर एक्सटेंशन स्टेडियम में गूंजा क्रिकेट का उत्साह, आठ टीमों के बीच शुरू हुई टी-20 जंग











**रोमांच**

**सुरेश रैना, रिंकू सिंह, समीर रिजवी और प्रशांतवीर बढ़ाएंगे रोमांच**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में क्रिकेट को नई पहचान देने और स्थानीय प्रतिभाओं को बड़ा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई गाजियाबाद प्रीमियर लीग (जीपीएल) का शुक्रवार को राजनगर एक्सटेंशन स्टेडियम में शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और अंतरराष्ट्रीय प्रवीण कुमार रहे, तो जेके सीमेंट के निधिपति सिंघानिया भी आए। जिन्होंने लीग की आकर्षक ट्रॉफी का लोकार्पण किया। ट्रॉफी के अनावरण के साथ ही रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए और आतिशबाजी से पूरा स्टेडियम जगमगा उठा। करीब एक हजार दर्शकों की मौजूदगी में शुरू हुई इस लीग के पहले मुकाबले में रैना सुपर किंग्स और मिगशन इलेवन आमने-सामने उतरीं। टॉस होते ही दर्शकों के उत्साह और शोर ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा दिया। पूरे आयोजन में पेशेवर क्रिकेट लीग जैसा माहौल देखने को मिला।

### मनोरंजन का भी खास इंतजाम, आयोजकों ने बताया ऐतिहासिक पहल

**करंट क्राइम :** आयोजन को दर्शकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए चौके और छक्कों पर विशेष मनोरंजन कार्यक्रम, चीयर गर्ल्स की प्रस्तुति और आतिशबाजी की व्यवस्था की गई है। आयोजकों का दावा है कि लीग का प्रसारण और प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाएगा, जिससे गाजियाबाद क्रिकेट को नई पहचान मिलेगी। आयोजन से जुड़े राकेश मिश्रा, नरेश रैना, मनोज मानकर व गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इसे जिले के क्रिकेट इतिहास में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि जीपीएल भविष्य में बड़े खिलाड़ियों को तैयार करने का माध्यम बनेगी और गाजियाबाद को क्रिकेट मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाएगी। इस भव्य शुरूआत के साथ गाजियाबाद में क्रिकेट के एक नए अध्याय का शुभारंभ हो गया है, जिससे खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों दोनों को नई उम्मीदें जुड़ गई हैं।

### स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच

करंट क्राइम : आयोजकों का कहना है कि जीपीएल का मुख्य उद्देश्य गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का अवसर देना है। लीग के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। जीपीएल में आधुनिक क्रिकेट के लगभग सभी मानकों को शामिल किया गया है। थर्ड अंपायर की व्यवस्था, पेशेवर स्कोरिंग सिस्टम, मैच अधिकारियों की तैनाती और अन्य तकनीकी सुविधाएं खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जैसा अनुभव देंगी

### आईपीएल सितारों से बढ़ेगा जीपीएल का रोमांच

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद प्रीमियर लीग 2026 में क्रिकेट प्रेमियों को आईपीएल के चार चर्चित खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिलेगा। पूर्व भारतीय स्टार सुरेश रैना, युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह, ऑलराउंडर प्रशांत वीर सिंह और उभरते सितारे समीर रिजवी टूनार्मेंट में हिस्सा लेकर मुकाबलों को और रोमांचक बनाएंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी से लीग का स्तर ऊंचा होगा और स्थानीय खिलाड़ियों को भी बड़े क्रिकेटरों के साथ खेलने व सीखने का अवसर मिलेगा। आयोजकों के अनुसार आईपीएल सितारों की भागीदारी से गाजियाबाद प्रीमियर लीग को नई पहचान मिलने के साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिलेगा।



# विपक्ष पर पीएम का प्रहार, आत्मनिर्भर भारत का उड़ाते हैं मजाक

## गुजरात दौरे पर प्रधानमंत्री ने विकास परियोजनाओं का किया उल्लेख

### कांग्रेस पर साधा निशाना, जनता ने बार-बार दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिना नाम लिए विपक्षी राजनीतिक दलों को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ाने वाले लोगों ने कई वर्षों तक देश को दूसरों पर निर्भर रखा। देश में कुछ लोग निराशावादी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात दौरे पर 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत चल रही विकास परियोजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने सूरत के हजीरा के अलावा अंतरराज्यीय रोड नेटवर्क का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ लोग देश में निराशा का माहौल बनाने में लगे हैं। पीएम मोदी ने विपक्षी राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लिया और बिना किसी का नाम लिए कहा कि ये लोग निराशा का माहौल बनाने के अलावा आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक भी बनाते हैं। उन्होंने कांग्रेस या राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोग भारत को नीचा दिखाना चाहते हैं।

**कांग्रेस ने कर्नाटक में बदला मुख्यमंत्री,**

**पीएम मोदी क्या बोले?**

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बांगाल विधानसभा चुनाव में मिली सफलता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विदेश यात्रा के दौरान भी उन्हें बंगाल के जनादेश का जिक्र सुनने को मिला। हाल ही में कर्नाटक में बदले मुख्यमंत्री का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस राज्य में भी कांग्रेस को लेकर जनता में भारी आक्रोश है।

**जनता ने कांग्रेस को हाशिए पर धकेला**

पीएम मोदी ने भाजपा को मिलने वाली राजनीतिक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अराजकता, अनिश्चितता और निराशा को पसंद नहीं करता। कांग्रेस पिछले 12 वर्षों से अराजकता और अनिश्चितता फैला कर अपने लिए अवसर तलाश रही है, लेकिन देश की जनता बार-बार करारा जवाब दे रही है। आप लोगों ने तो कांग्रेस को हाशिए पर धकेल दिया है। जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां की जनता कांग्रेस के कुशासन से तंग आ चुकी है।

**हिमाचल, हरियाणा और पंजाब की जनता ने भी कांग्रेस को नकारा**

हिमाचल में हुए निकाय चुनाव का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, वहां की जनता ने भी कांग्रेस के कुशासन को नकार दिया। पिछले साल हरियाणा और पंजाब की जनता ने भी कांग्रेस को स्पष्ट संदेश दिया है। जनता ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस की अराजकता में अवसर खोजने की राजनीति नहीं चलेगी।

# 'मेगा प्लांटेशन अभियान' का शुभारंभ कर

## पर्यावरण दिवस पर सीएम रेखा गुप्ता ने की दिल्ली वालों से अपील



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 'मेगा प्लांटेशन अभियान' का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य दिल्ली को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ शहर बनाना है। सीएम ने दिल्ली वालों से 'मिशन ग्रीन दिल्ली' से जुड़कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक पौधा लगाने का आग्रह किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली को एक स्वच्छ, हरित और सस्टेनेबल शहर बनाने के अपने संकल्प को दोहराया है। उन्होंने घोषणा की है कि इस विशेष अवसर पर दिल्ली सरकार एक 'मेगा प्लांटेशन ड्राइव' का शुभारंभ कर रही है।

सीएम ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली को हरा-भरा और स्थायी शहर बनाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण को हमारी समृद्ध संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न अंग बताते हुए सभी नागरिकों से इस पुनीत कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान:** इस 'मेगा प्लांटेशन ड्राइव' के तहत दिल्ली सरकार 'मिशन ग्रीन दिल्ली' के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' नामक एक विशेष अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़कर एक पौधा लगाने की अपील की है। यह पहल न केवल पर्यावरण के संरक्षण में योगदान देगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और खुशहाल दिल्ली बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**'हरित दिल्ली, खुशहाल दिल्ली का संकल्प' :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से 'हरित दिल्ली, खुशहाल दिल्ली' के संकल्प को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों से इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का आह्वान किया।

# मायावती ने हिमाचल और जम्मू-कश्मीर संगठन की समीक्षा की, पूर्ण राज्य का दर्जा न मिलने पर जताई चिंता



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर इकाइयों की समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार और चुनावी तैयारी पर जोर दिया। उन्होंने बहुजन समाज को एकजुट करने का आह्वान किया। बैठक में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा न मिलने पर चिंता जताई गई तथा विभिन्न सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा हुई।

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर इकाइयों की समीक्षा बैठक की। बैठक में संगठन की जमीनी मजबूती, जनाधार विस्तार और आगामी चुनावी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के साथ चुनावी सफलता को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए एकजुट होकर बीएसपी को मजबूत बनाना होगा। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोगों को अपने वोट की सुरक्षा को आत्मसम्मान, इज्जत और अधिकारों की सुरक्षा के समान महत्व देने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया।

**'भाजपा के प्रति लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही'**

बैठक में हिमाचल प्रदेश के हालिया स्थानीय निकाय चुनावों के बाद बने राजनीतिक हालात की भी समीक्षा की गई। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि राज्य में कांग्रेस और भाजपा के प्रति लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है, ऐसे में बीएसपी के लिए एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरने का अवसर है।

जम्मू-कश्मीर इकाई की समीक्षा के दौरान पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। पार्टी नेताओं ने बताया कि लंबे समय से लंबित यह मांग अब लोगों के लिए चिंता और निराशा का कारण बनती जा रही है। उनका मानना है कि राज्य का दर्जा न मिलने से क्षेत्र के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

मायावती ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित देश के कई राज्यों में बहुजन समाज आज भी गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा और पिछड़ेपन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंबेडकरवादी विचारधारा के आधार पर समाज को संगठित कर राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर राजधानी लखनऊ में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महाभियान-2026 के कार्यक्रम में हर घर नल योजना के दौरान एक ऐसी बात कह दी कि हर कोई हंस पड़ा. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जब योजनाओं को आगे बढ़ाती है तो कई तरह की चुनौतियां भी सामने आती हैं. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, हमने हर घर नल योजना को आगे बढ़ाया तो पता लगा कि कोई टोटी चोरी कर ले जा रहा है. कोई अन्य प्रकार से नुकसान कर रहा है, खुला है तो खुला है. इतना कहते ही मुख्यमंत्री खुद भी मुस्कुरा पड़े और कार्यक्रम में मौजूद लोग भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए.

**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी माँ के प्रति सम्मान और कर्तव्य की भावना के साथ कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आगामी वन महोत्सव के दौरान बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने जा रही है. ऐसे में प्रत्येक नागरिक को 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाकर इस महाअभियान का हिस्सा बनना चाहिए. उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है. जब लोग अपने लगाए हुए पौधों को परिवार के सदस्य की तरह संभालेंगे, तभी पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा।

**सरकारी आवास पर लगाया आम का पौधा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आम की 'अरुणिका' प्रजाति का पौधा भी लगाया. इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को संदेश दिया कि पौधारोपण को केवल एक कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाएं. मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और स्वच्छ वायु के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं. आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक साबित होगा 9 साल में 242 करोड़ से अधिक पौधे मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण अभियानों का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान वन महोत्सव और अन्य अभियानों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए ।

**पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जोड़ा. उन्होंने कहा कि पर्यावरण और धरती माता को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी तरीका यही है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाले कार्यों से दूरी बनाए और संरक्षण के प्रयासों में सक्रिय भागीदारी करे. मुख्यमंत्री ने कहा, हमें यह बात हमेशा ध्यान में रखनी होगी कि पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी, प्रकृति बचेगी तो जीव सृष्टि भी सुरक्षित रहेगी. उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और बदलता पर्यावरणीय संतुलन पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरा है. ऐसे में जनभागीदारी के बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है.

# जंतर-मंतर प्रदर्शन पर पुलिस का बयान

## कहा- सीजेपी ने नहीं मांगी अनुमति, आवेदन पर होगा परीक्षण




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कहा है कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से अब तक कोई अनुमति आवेदन नहीं मिला है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आवेदन मिलने पर उसकी जांच की जाएगी। साथ ही संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इस संबंध में बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि संगठन अनुमति के लिए आवेदन करता है, तो पुलिस उनके अनुरोध की विधिवत जांच करेगी। पुलिस प्रशासन वर्तमान स्थिति पर लगातार कड़ी नजर बनाए हुए है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा सकता है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी प्रकार की अशांति न फैले। पुलिस शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**छह जून को दिल्ली पहुंचेंगे अभिजीत दीपके**

बता दें कि छह जून को अभिजीत दीपके दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंन सोशल मीडिया पर कहा कि 'हमें साथ आकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाकर धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगना होगा। अगर हम सब साथ मिलकर आवाज उठाएंगे, तो ये हमारी बात जरूर सुनेंगे। मैं छह जून को सुबह दिल्ली आऊंगा और आप सब मुझे एयरपोर्ट पर मिलिए। हम सब पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जाएंगे और वहां जंतर मंतर पर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने की इजाजत मागेंगे। हमारा संविधान हमें शांतिपूर्वक तरीके से आवाज उठाने की मांग कर सकता है। जिन्हें लगता है कि धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए, वे इसका समर्थन करें।'

आखिर में उन्होंने कहा, 'मेरे दोस्त और परिवार को लगता है कि मुझे एयरपोर्ट से ही अरेस्ट कर लेंगे और फिर जेल भेज देंगे, लेकिन मुझे उम्मीद है कि हमारा देश आज भी लोकतांत्रिक है और हमें शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने की इजाजत मिल जाएगी। मैं एक बात साफ कर देना चाहता हूं कि मैं गांधी, अंबेडकर भगत सिंह और नेहरू का प्रशंसक हूं और मैं भारत के संविधान पर किसी अन्य चीजें से भी ज्यादा भरोसा करता हूं। रही बात जेल के डर की तो हम कब तक डरकर जिएंगे यार। ये देश किसी पार्टी का थोड़ी ना है। ये देश तो हम सबका है। हमारा भविष्य बर्बाद हो रहा है।'

# खान सर पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार



**पटना।** खान सर कोचिंग पर हमले का मामला नया मोड़ लेता जा रहा है। पहले खान सर उर्फ फैजल खान ने हमले की एफआईआर ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर पर दर्ज कराई गई थी। अब पटना पुलिस ने इस एफआईआर में खान सर का नाम भी जोड़ दिया है। कदमकुआं थाने में आम्स एक्ट और अन्य आरोपों में खान सर को नामजद किया गया है।

फायरिंग का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले पुलिस ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद समेत तीन को जेल भेज चुकी है।

खान सर के दो गार्ड भी जेल भेजे जा चुके हैं। एक दिन पहले खान सर से भी पुलिस ने पूछताछ की थी। इस बीच शुक्रवार को भी खान सर अपनी कोचिंग भी पहुंचे थे। उन्होंने छात्रों को घटना का वीडियो भी दिखाया था।

पुलिस ने एफआईआर में क्यों जोड़ा खान सर का नाम कदमकुआं थाने में दर्ज मामले की जांच में कई तथ्य सामने आए हैं। पहली बात तो यह कि आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी ओर, टाउन डीएसपी-1 राजेश रंजन का कहना था कि फायरिंग को लेकर गलत जानकारी दी गई। इस वजह से आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना देने का मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद से ही खान सर के बयानों से जुड़े कई वीडियो सामने आए। इसी क्रम में खान सर के दो गार्ड का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्हें फायरिंग करते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद पहले तो पुलिस ने खान सर के दोनों गार्ड से ने पूछताछ की। फिर खान सर से पूछताछ की गई। इस क्रम में पुलिस ने दोनों गार्ड को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, पटना पुलिस का कहना है कि कोचिंग के बाहर हुई फायरिंग के बाद बुलेट के पैलेट को भी छिपाने की कोशिश की गई। यही वजहें हैं कि खान सर का नाम एफआईआर में जोड़ा गया है। हालांकि, पटना पुलिस के अफसरों का कहना है कि फिलहाल जांच जारी है। पुलिस देर शाम तक इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करेगी। उसका कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

# मस्जिद सील किए जाने के विरोध में मुस्लिम सेवा संगठन का डीएम कार्यालय में कूच, भारी पुलिस बल तैनात





**देहरादून।** मस्जिद सील किए जाने के विरोध में मुस्लिम सेवा संगठन सड़क पर उतर आया। आक्रोशित संगठन के लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए। थानो में कुछ दिन पहले मस्जिद सील किए जाने से मुस्लिम सेवा संगठन में आक्रोश है। संगठन के आहवान आज समुदाय के लोग जिलाधिकारी कार्यालय कूच करने पहुंचे। एसटीएफ कार्यालय के बाहर ए मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुए। मुस्लिम सेवा संगठन का आरोप है कि मस्जिद के सभी कागजात होने के बाद भी मस्जिद सील की गई। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। काली सेना, बजरंग दल और स्थानीय लोगों की ओर से थानो चौक पर किया था हवन थानो क्षेत्र के ग्राम कण्डोगल, कुडियाल गांव में स्थित जामा मस्जिद व मदरसा के भूतल को मस्जिद पक्ष के भारी विरोध के बीच पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में एमडीडीए की ओर से सील कर दिया गया था। कार्रवाई के बाद काली सेना, बजरंग दल और स्थानीय लोगों की ओर से थानो चौक पर हवन किया गया। थानो में मस्जिद की शिकायत स्थानीय लोगों की ओर से प्रशासन और एमडीडीए से की गई थी। इसके लिए काली सेना, बजरंग दल के सदस्य लगातार पुलिस-प्रशासन और एमडीडीए पर दबाव बना रहे थे। इन संगठनों से जुड़े लोग मस्जिद पर कार्रवाई की मांग को लेकर थानो में कई बाद धरना-प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

**भूतल और उसके बाद प्रथम तल को किया गया सील**

मस्जिद के प्रथम तल को एमडीडीए द्वारा 17 दिसंबर को सील कर दिया गया था। जबकि भूतल को कुछ दिन पहले को सील किया गया। काली सेना, बजरंग दल और स्थानीय लोगों का आरोप है कि मस्जिद उत्तराखंड वक्फ बोर्ड और मदरसा बोर्ड में पंजीकृत नहीं थी, जिसकी संबंधित विभागों द्वारा जांच भी की गई थी। जिसके बाद पहले भूतल और उसके बाद प्रथम तल को सील किया गया। काली सेना के प्रदेश प्रमुख भूपेश जोशी ने कहा कि उनकी मांग है कि जल्द ही मस्जिद का ध्वस्तीकरण किया जाए।

# संभल में पुनर्वास की पहल: 1978 के दंगा पीड़ित परिवार को मिली जमीन, 46 साल बाद मंदिर में फिर गूंजी घंटियां



**संभल।** संभल में 1978 को अफवाह के बाद भीषण दंगा भड़क गया था।दंगे में लूटपाट, आगजनी और हिंसा की घटनाओं में कई लोगों की मौत हुई थी तथा 169 मुकदमे दर्ज किए गए थे। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आश्वासन पर दंगा पीड़ित परिवारों को राहत देने की प्रक्रिया शुरू हुई है। संभल में 29 मार्च 1978 को एक अफवाह के कारण दंगा भड़क उठा था। इससे पूरा शहर जल गया था और दो महीने तक कर्फ्यू लगा रहा था।

इस दंगे की चर्चा 2024 में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद फिर से शुरू हुई थी। इसके बाद ही पीड़ित परिवार सामने आए थे। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों की मदद करने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में एक परिवार को आवासीय भूमि का पट्टा दिया गया है। बताते हैं 1978 के दंगे की शुरूआत मुस्लिम लीग के नेता मंजर शफी के हंगामा करने पर हुई थी। वह उस समय के एसडीएम की किसी बात पर नाखुश था और उसने इसी बात पर बाजार में हंगामा करते हुए दुकानों को बंद कराना चाहा था।

हिंदू व्यापारी मंजर शफी के विरोध में खड़े हो गए थे। इस दौरान खूब मारपीट हुई थी। मंजर शफी के जो साथी मौके से भागे उन्होंने मंजर शफी के मारे जाने की अफवाह फैला दी थी। इसके बाद ही पहले बाजार और फिर पूरे शहर में दंगा भड़क गया था। दुकानों में लूटपाट, पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं थीं। इसमें कई लोगों की मौत हुई थी। दंगे के बाद 169 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। जिनमें से तीन पुलिस ने दर्ज कराई थीं। 1978 के दंगे के बाद बंद हुआ मंदिर 46 वर्ष बाद खुला था शहर के खग्गू सराय में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का ताला 46 वर्ष बाद पुलिस-प्रशासन ने खोला था। यह मंदिर 1978 के दंगों के बाद से बंद था।

**प्रभारी मंत्री ने दंगा पीड़ितों के पुनर्वास को बताया ऐतिहासिक**

जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस. राठौर ने कहा कि वर्ष 1978 के दंगों से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का यह पल भावुक है। कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम भी है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में शांतिपूर्ण वातावरण है। शासन, प्रशासन और पुलिस ने सभी वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य किया है। प्रदेश अब दंगामुक्त वातावरण की ओर बढ़ रहा है। कानून का राज स्थापित हुआ है। दंगा पीड़ित परिवारों ने वर्षों तक कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। अब उनके जीवन में सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व का नया अध्याय शुरू हो रहा है।

# प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला, केले के बगीचे में दफनाई लाश, 102 दिन बाद ऐसे खुला राज

**शाहजहाँपुर।** पत्नी ओमा भारती और प्रेमी नन्हे के बीच लंबे समय से प्रेम-संबंध थे। दोनों के संबंधों की जानकारी होने पर पति ओमकार इसका विरोध करता था और यही उनके रिश्ते में सबसे बड़ी बाधा बन गया था। पुलिस के मुताबिक दोनों ने मिलकर ओमकार को रास्ते से हटाने की साजिश रची। यूपी के शाहजहापुर सेहरामऊ दक्षिणी थाना पुलिस ने गांव मानपुर मलिकापुर में ओमकार की गुमशुदगी के मामले का खुलासा करते हुए अपहरण के बाद हत्या कर शव छिपाने की घटना का पदार्फाश किया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर शव बरामद किया है। हत्या प्रेम-प्रसंग में बाधा बनने के कारण की गई थी।



**तारीख पर कोर्ट गया था, फिर नहीं लौटा**

पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मानपुर मलिकापुर गांव निवासी सत्यवीर सिंह ने छह मार्च 2026 को अपने भाई ओमकार सिंह की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ओमकार 23 फरवरी को तिलहर न्यायालय में तारीख पर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं आए। जांच के दौरान चार जून को सत्यवीर सिंह ने अपने भाई के अपहरण की आशंका जताते हुए कांट के गांव लिंथरा निवासी नन्हे और ओमकार की पत्नी ओमा भारती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की। ओमा भारती और नन्हे के बीच है लंबे समय से प्रेम संबंध पूछताछ में सामने आया कि ओमा भारती और नन्हे के बीच लंबे समय से प्रेम-संबंध थे। दोनों के संबंधों की जानकारी होने पर ओमकार इसका विरोध करता था और यही उनके रिश्ते में सबसे बड़ी बाधा बन गया था। पुलिस के मुताबिक दोनों ने मिलकर ओमकार को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

**शराब पिलाकर की हत्या**

एसपी सिटी ने आरोपियों से पूछताछ की। इसमें बताया कि घटना वाले दिन ओमकार को नन्हे के बगीचे में बुलाया गया। वहां उसे शराब पिलाई गई। जब वह नशे की हालत में हो गया तो दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव को लिंथरा गांव स्थित नन्हे की बगीचे में केले के पेड़ के पास गड्ढा खोदकर दबा दिया गया।

# भारत में इबोला का एक और संदिग्ध मामला




**नई दिल्ली।** दुनिया के कई देशों में इबोला का व्यापक प्रकोप देखा जा रहा है। कांगो-यूगांडा से शुरू हुआ संक्रमण का दौर कई अन्य देशों के लिए भी चिंताएं बढ़ाता देखा जा रहा है। दुर्लभ 'बुंडीबुग्यो वायरस स्ट्रेन' के कारण फैले इस संक्रमण में अब तक कांगो में 363 कन्फर्म मामले और 62 मौतें रिपोर्ट की गई हैं, साथ ही 100 से ज्यादा संदिग्ध मामलों की अभी जांच चल रही है। वहीं युगांडा में 15 कन्फर्म मामले जिनमें एक कन्फर्म मौत देखी गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक संदिग्ध मामलों में कमी देखी जा रही है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर जोखिम का आकलन अभी भी बहुत अधिक बना हुआ है। अफ्रीकी देशों के अलावा यूरोपीय और एशियाई देशों में भी संक्रमण का जोखिम देखा जा रहा है। भारत में भी इबोला को लेकर अलर्ट जारी किया गया है, प्रभावित देशों से आ रहे यात्रियों की जांच कर उनमें लक्षण दिखते ही आइसोलेट किया जा रहा है।

युगांडा की 19 वर्षीय महिला पर्यटक में इबोला जैसे लक्षण दिखाने के बाद उसे जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल में विशेष आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है।

हालांकि अभी तक इबोला संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। युवती शुक्रवार सुबह शारजाह होते हुए जयपुर पहुंची थी।

आरयूएचएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि मरीज में कुछ ऐसे लक्षण पाए गए हैं जो इबोला संक्रमण से मेल खाते हैं, लेकिन फिलहाल संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। अंतिम निष्कर्ष जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। डॉक्टरों की टीम मरीज पर लगातार नजर बनाए हुए है।

**हैदराबाद में संक्रमण का मामला**

गुरुवार (4 जून) की सुबह हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे सूडान के एक नागरिक को आइसोलेट करके सिकंदराबाद के गांधी अस्पताल भेज दिया गया था। एयरपोर्ट के हेल्थ अधिकारियों ने इंटरनेशनल यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग के दौरान उनमें बुखार के लक्षण पाए थे।

शुक्रवार सबुह उसका बुखार ठीक था और फिलहाल उसे घर में आइसोलेट रहने की सलाह दी गई है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 06 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# विधान परिषद की दावेदारी से लेकर विधानसभा तक दौड़
## क्या भाजपा के चेहरों में लग गयी है यहां पूरी तरह से सियासी होड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में हर कोई अपनी प्रोग्रेस के लिए रेस लगाता है। ये रेस संगठन के पदों को लेकर होती है। ये रेस चुनाव के टिकट को लेकर होती है। यहां पर संगठन के बड़े नेताओं का एक रटा रटाया जवाब होता है कि टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक है और कोई भी कार्यकर्ता टिकट मांग सकता है। लेकिन टिकट के दावेदार इस बात से पूरी तरह जागरूक रहते हैं कि टिकट के लिए समीकरण जरूरी है। टिकट के लिए समर्पण जरूरी है। टिकट के लिए संगठन की कृपा जरूरी है।



चुनाव का मौसम चल रहा है और देहात के चुनाव से लेकर शहर के चुनाव तक अब बिसात बिछने लगी है। एमएलसी वाले चुनाव में ट्विस्ट आ गया है। अभी एक टिकट घोषित होना है और यहां उस एक टिकट के लिए कई दावेदार हैं। ऐसे में एक सवाल सियासी गलियारों में ये तैर रहा है कि क्या जो चेहरे विधानपरिषद वाले चुनाव की दावेदारी में थे, क्या वो चेहरे अब विधानसभा की ओर मूव करेंगे। विधानसभा वाली दौड़ में विधानपरिषद के दावेदार आ जायेंगे। ऐसे में यहां उन चेहरों को लेकर चर्चा है जो विधानसभा वाली दावेदारी में आ सकते हैं। सूत्र बता सकते हैं विधानपरिषद की दावेदारी वाले ये चेहरे अब इस बात को भी रख चुके हैं कि आखिर विधानसभा का टिकट देने में क्या हर्ज है। वो इस बात को भी रख रहे हैं कि नये चेहरों को मौका दिया जाये।

कहीं वैश्य बिरादरी वाला फैक्टर चल रहा है कहीं जाट चेहरे भी अब चुनावी अंगड़ाई ले रहे हैं। ऐसे में ये एक बड़ा सवाल आ गया है कि विधानपरिषद की दावेदारी वाले चेहरे क्या विधानसभा की दौड़ में शामिल हैं। वैसे भी नये दावेदारों को इस बात की होप है कि उनके लिए चुनावी स्कॉप है। वो ये भी मान रहे हैं कि एक या दो सीटों पर तबादला योग बन रहा है। और इस तबादला योग में उनकी लॉटरी लग सकती है उन्हें टिकट मिल सकता है। दावेदारी वाली इस क्हानी में दो वैश्य चेहरों का नाम है। वहीं एक विधानसभा में मौजूदा विधायक दावेदारी का ऐसा चक्रव्यूह तैयार करना चाहते हैं कि उनकी बिरादरी के नाम चारों तरफ दिखाई दें और कोई इसे भेद ना पाये। वहीं एक विधानसभा के दावेदारों को इस बात की पूरी उम्मीद लग रही है कि यहां भी ट्रांसफर वाला योग बन सकता है तो वो भी दावेदारी में है।

सूत्र बताते हैं कि एक विधानसभा में भाजपा के ही एक ओबीसी नेता इस बात का एलान कर चुके हैं कि चुनाव तो हर हाल में लड़ा जायेगा। अब समझने वाले इस हर 'हाल' का मतलब बखूबी समझ रहे हैं। वो ये मान रहे हैं कि कही किसी विधानसभा में छुट्टी वाला योग भी बनेगा। फिलहाल सीन ये बन रहा है कि इस बार दावेदारी में कई नये चेहरे आयेंगे। शिक्षा से जुड़े लोग आयेंगे और ये नये चेहरे कितना स्थान बना पायेंगे ये देखने की बात है।

### दर्जा प्राप्त वाली कृपा नहीं चाहते हैं कुछ चेहरे

**करंट क्राइम।** टिकट का दबाव बढ़ रहा है और विकट स्थिति होने वाली है। चुनाव के खिलाड़ी लगातार दावेदारी की प्रैक्टिस में जुट गये हैं। एक टिकट होल्ड होने के बाद दावेदारों में ये उम्मीद जाग चुकी है कि नयी दावेदारी के साथ नयी उम्मीदवारी का आगाज हो सकता है। बताया ये जाता है कि यहां कृपा वाले तीर से भी निशाना साधा जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि जो पुराने खिलाड़ी हैं वो कृपा वाली हवा से खुद को बचाकर चल रहे हैं। उनका कहना है कि बची कुची कृपा वाली पारी खेलने से बेहतर है कि दावेदारी को ऑक्सीजन दी जाये। उनका मानना है कि बचा कुचा कार्यकाल लेकर कोई सियासी भौकाल पैदा नही हो सकता। लेकिन अगर सियासत में लम्बी पारी खेलनी है तो फिर हमें कृपा वाले मोह से बाहर आना होगा। सूत्र बताते हैं कि उम्मीदवारी की रेस में जो फेस खुद को मजबूम मानकर चल रहे हैं उन्होंने दर्जा से लेकर आयोग तक खुद को दूर कर लिया है।

# पार्षद ने लड़ी लड़ाई और विकास के लिए तेवर दिखाये कड़क
## आरडब्ल्यूए वाले बोले- मेयर साहब पार्षद नहीं सुनते आप ही बनवा दो सड़क

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक अजीब विडंबना राजनीति में ये भी होती है कि जनसेवा के लिए जनता कासेवक लड़ता है और वो अलग अलग विभागों में विकास के लिए फाईल लगाता है, प्रस्ताव लाता है। लेकिन जब वो प्रस्ताव आता हैतो आरडब्ल्यूए वाले कहते हैं कि पार्षद सुनते नहीं हैं और सड़क बनवाई जाये। हालाकि राजनीति में पार्षद और आरडब्ल्यूए की मतभेद वाली कहानी कोई नयी नहीं है कई वार्ड में ऐसा होता है लेकिन ये वार्ड ऐसा है जो कुछ खास है लेकिन इस वार्ड में कैबिनेट मंत्री रहते हैं, पूर्व विधायक रहते हैं, पूर्व मेयर रहत हैं। इस वार्ड में पूर्व एमएलसी रहते हैं। इस वार्ड में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता रहते हैं और कहानी का सबसे रोचक पहलू ये है कि इस वार्ड में विकास वाले कोटे पर ब्रेक लग गया था। यहां से पार्षद प्रवीण चौधरी है जो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भी हैं। इस वार्ड में अब जब सड़क बनने लगी है तो रड़क भी



आरडब्ल्यूए को हुई है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सीए डीके गोयल ने एक पत्र मेयर को लिखा, नगरायुक्त को लिखा। उन्होंने आरडब्ल्यूए की ओर से लिखे इस पत्र में कहा कि राजनगर की मुख्य बड़ी और चौड़ी सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो गयी है। आवासीय क्षेत्र की अधिकांश सड़कों का निर्माण 2017 में हुआ था। सड़कें अत्याधिक क्षतिग्रत और जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। अनेक स्थानों पर ये सड़कें पहले से ही उखड़ चुकी है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों की ओर से महापौर से अनुरोध किया है कि राजनगर की सभी सैक्टरों की बड़ी और चौड़ी सड़कों का सर्वेक्षण कराकर अति शीर्घ उनके पुर्ननिर्माण की स्वीकृति दें। यहां बड़ी बात ये है कि वर्तमान में राजनगर में सड़कों की मरम्मत हो रही है और क्षेत्रीय पार्षद प्रवीण चौधरी खुद इस मरम्मत कार्य को करवा रहे हैं।

### हमने कई बार पार्षद से कहा मगर नहीं हुआ कोई एक्शन

करंट क्राइम। आरडब्ल्यूए के पत्र में अध्यक्ष ने मेयर को अवगत कराया कि हमने इस समस्या को कई बार राजनगर क्षेत्र के पार्षद प्रवीण चौधरी के समक्ष रखा। परन्तु बार बार अवगत कराने के बाद भी इस विषय में उनके द्वारा कोई ठोस तथा प्रभावी कार्यवाही नहीं की गयी।

# सूर्या हत्याकांड पर उत्तर प्रदेश सरकार की त्वरित कार्रवाई को बताया प्रवीण तोगड़िया ने नजीर
## अवैध मदरसों की जांच और राष्ट्रव्यापी आत्मरक्षा प्रशिक्षण की मांग उठाई



### किया हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान,

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख की खुलकर सराहना की है। गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में हुए बहुचर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस और प्रशासन द्वारा लिया गया त्वरित निर्णय स्वागत योग्य है। इस प्रकार की घटनाओं और उन पर हुए सरकारी फैसलों को एक नजीर (मिसाल) के रूप में याद रखा जाना चाहिए।

शुक्रवार को गाजियाबाद महानगर में राज नगर स्थित अजय चौहान के घर पहुंचे डॉ. तोगड़िया ने प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, व्यापारियों और संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि केवल गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि देश के कई अन्य राज्यों और शहरों में हिंदुओं के खिलाफ इस तरह के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। ठाकुर अजय चौहान के आवास पर पत्रकारों और कार्यकर्ताओं से वार्ता के दौरान डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव भुलाकर एकजुट होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, देश के हर कोने में रहने वाला सनातनी हमारा भाई है, चाहे वह किसी भी मत, पंथ, जाति या समाज से क्यों न हो। उन्होंने त्योहारों के दौरान हुए अपराधों का संदर्भ देते हुए कहा कि यदि हम देश और धर्म के विरुद्ध होने वाले षड्यंत्रों को नजरअंदाज करेंगे, तो होली के अवसर पर तरुण खटीक और बकरा ईद पर सूर्य चौहान की भांति हमारे बेटों की निर्मम हत्या कर दी जाएगी। अपने देश, धर्म, संस्कृति, परिवार, व्यापार और बहन-बेटियों की रक्षा के लिए सभी हिंदुओं को मानसिक और शारीरिक रूप से जागृत होना होगा। इस अवसर पर ठाकुर अजय चौहान ने भी संबोधित करते हुए कहा कि गाजियाबाद के सभी हिंदू संगठनों को एक मंच पर आकर समाज की सुरक्षा और समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।



### वीर हिंदू विजेता हिंदू आत्मरक्षा अभियान

**करंट क्राइम :** हिंदू समाज, विशेषकर युवक-युवतियों को सशक्त बनाने के लिए संगठन ने अपनी आगामी कार्ययोजना साझा की। कहा है कि शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ता युवाओं को भयमुक्त करने के लिए वीर हिंदू विजेता हिंदू अभियान के अंतर्गत आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही हनुमान चालीसा केंद्र, देश विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरे देश में सवा लाख (1,25,000) हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का महाअभियान चलाया जा रहा है।

### कई संगठनों से की मुलाकात

करंट क्राइम : इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं। जिसमें विकास सैनी (जिला अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद), विनीत गोयल (महानगर उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बजरंग दल), नरेश शर्मा एवं अशोक अग्रवाल (महानगर उपाध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद), अमित पंवार (महानगर मंत्री) एवं पंकज (नगर मंत्री), साथ ही अशोक राणा, सुनील, हिमांशु अरोरा, विष्णु, वीरेंद्र कुमार, विनोद गोसाईं सहित भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### अवैध मदरसों पर रोक और पाठ्यक्रम की जांच की मांग

करंट क्राइम : डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने सरकार से आग्रह किया कि देश में चल रहे तमाम अवैध मदरसों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इसके साथ ही, जो मदरसे संचालित हैं, उनके भीतर बच्चों को क्या पढ़ाया जा रहा है, शासन स्तर पर उसकी सघन जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत हिंदुओं को डरा-धमकाकर पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिसे संगठन किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगा।

# उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ की जनरल बॉडी बैठक संपन्न



### - एमएसएमई उद्योगों के विकास, निर्यात प्रोत्साहन और संगठन सशक्तीकरण पर हुई चर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) के मेरठ रोड स्थित परिसर में उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ की जनरल बॉडी की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, अब तक किए गए कार्यों, भविष्य की योजनाओं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान उद्यमियों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन की गतिविधियों को बढ़ाने एवं उद्योग जगत के समक्ष आने वाली चुनौतियों के समाधान पर भी मंथन हुआ। कार्यक्रम में सेंटर फॉर कॉम्पिटिशन लॉ एंड इकोनॉमिक्स के प्रतिनिधियों ने एमएसएमई उद्योगों को केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा निर्यात नीति के तहत उपलब्ध कराए जा रहे प्रोत्साहन, रियायतों और विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। संघ के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा बैठक के अंत में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें जलपान के लिए आमंत्रित किया। बैठक में संजीव सचदेव, संजीव गुप्ता, बृजेश अग्रवाल, मंजीत सिंह, राजीव गुप्ता, संजीव गोयल, डॉ. मुकेश गर्ग, बृजमोहन कपूर, विकास गुप्ता, अश्वनी तनेजा सहित अनेक प्रमुख उद्यमियों ने सहभागिता कर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव चाहते हैं मिले दिवंगत राजनीतिक हस्तियों को सम्मान
## होना चाहिए किसी सड़क, पार्क पर पूर्व मेयर स्व. तेलूराम कांबोज का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीतिक हस्तियों को सम्मान की परंपरा राजनीति में पहले से रही है। इस परिपाटी में नदी, पुल, पार्क और चौराहों का नाम दिवंगत नेताओं के नाम पर किया जाता है। चाहे वो पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग हो, या अटल चौक हो, ये सम्मान की एक परिपाटी है। सभी राजनीतिक दलों में ऐसा होता है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने पुरजोर तरीके से ये मांग उठाई है कि दिवगंत मेयर तेलूराम कांबोज को ये सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने ये सवाल उठाया है कि गाजियाबाद की किसी सड़क, चौक या सार्वजनिक स्थल का नाम पूर्व महापौर स्व. तेलूराम कांबोज के नाम पर होना चाहिए।


स्व० तेलूराम कांबोज


पूर्व पार्षद हिमांशु लव

पूर्व पार्षद हिमांशु लव का ये कहना है कि पार्टी के ऐसे नेताओं को सम्मान मिलना चाहिए जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भाजपा को समर्पित किया। वो चाहते हैं कि ये नाम जिंदा रहे, ये नाम सबको पता हो और हिमांशु लव ने एक मुहिम चलाई है। पूर्व मेयर के नाम पर सड़क, चौराहा या सार्वजनिक स्थल का नाम वो रखने की मांग कर ही रहे हैं। उन्होंने कहा है कि एक चौराहा, सड़क का नाम स्व. तेलूराम कांबोज के नाम पर होना चाहिए।

गौरतलब है कि तेलूराम कांबोज तब मेयर का चुनाव जीते जब सपा की सरकार थी। आधी रात को भाजपाइयों ने संघर्ष किया था और तब जाकर मेयर सीट का परिणाम घोषित हुआ था। तेलूराम कांबोज वरिष्ठ पत्रकार भी थे और उन्होंने भाजपा के कई महापुरुषों के साथ काम किया है। आज वो दुनिया में नहीं हैं लेकिन ये वो नाम है जिन्होंने कभी भी अपनी भाजपाई राजनीतिक विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया।

# 'फ्राइडे अलर्ट' पर एक्टिव मोड पर रही पुलिस, खोड़ा से लेकर कैलाभट्टा तक फ्लैग मार्च, ड्रोन से रही पैनी नजर
## बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर के बाद पहला शुक्रवार, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे आलाधिकारी, शांतिपूर्वक संपन्न हुई नमाज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सूर्या हत्याकांड और उसके बाद लोनी में हुए असद के पुलिस एनकाउंटर के बाद जिले में उपजे हालातों के बीच, हाल ही में डासना में हुई बुलडोजर कार्रवाई ने संवेदनशीलता और बढ़ा दी थी। इस पूरे घटनाक्रम के बाद पहला शुक्रवार था, जिसे लेकर गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आई। सुरक्षा के कड़े और अभेद्य इंतजामों के बीच जिले के सभी संवेदनशील इलाकों में जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पुलिस कमिश्नर ने इस 'फ्राइडे अलर्ट' को बेहद कामयाब बताया है।



### खोड़ा में 1000 पुलिसकर्मियों ने संभाली कमान, बिना पहचान पत्र 'नो एंट्री'

करंट क्राइम : डीसीपी धवल जयसवाल ने बताया है कि सुरक्षा के लिहाज से सबसे ज्यादा सतर्कता खोड़ा इलाके में बरती गई। यहां उन्होंने ने खुद 1000 पुलिसकर्मियों के साथ सुरक्षा की कमान संभाली। उनके साथ एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, कई थानों के प्रभारी और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। खोड़ा इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई थी। इलाके में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश करने दिया गया, जो वहां के स्थानीय निवासी थे और जिनके पास अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड) मौजूद था। पुलिस के आला अधिकारियों ने भारी बल के साथ संवेदनशील गलियों और चौराहों पर फ्लैग मार्च निकाला और सुरक्षा का भरोसा दिया।

### कोतवाली से लेकर मसूरी तक रहा अलर्ट

करंट क्राइम : वहीं कैलाभट्टा समेत कई थानाक्षेत्रों में सुरक्षा का कड़ा पहरा रहा। तो खोड़ा के अलावा शहर के अन्य सभी मिश्रित आबादी और संवेदनशील क्षेत्रों में सुबह से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। कैलाभट्टा, विजयनगर, कवि नगर, सिहानी गेट, मसूरी, लोनी, साहिबाबाद, लिंक रोड, कौशांबी, इंदिरापुरम और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्रों में नमाज के दौरान भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी और बॉडी प्रोटेक्टर के साथ तैनात रहे सुरक्षा वाले जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए आधुनिक तकनीक और विशेष बलों का सहारा लिया गया। वहीं स्पेशल फोर्स के जवान दंगारोधी उपकरणों, बॉडी प्रोटेक्टर और पूरी सुरक्षा किट के साथ पूरी तरह पैक और अलर्ट मोड पर नजर आए।

### शांति व्यवस्था कायम, फ्राइडे रहा पूरी तरह कामयाब: पुलिस कमिश्नर



**करंट क्राइम :** इस संवेदनशील मौके पर दिनभर की मुस्तैदी के बाद गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने राहत की सांस ली। उनका कहना है कि पुलिस की मुस्तैदी के कारण 'फ्राइडे अलर्ट' पूरी तरह सफल रहा। जिले के किसी भी थाना क्षेत्र में किसी प्रकार का बवाल, हंगामा या कोई अप्रिय हलचल नहीं हुई। सभी स्थानों पर शांतिपूर्वक नमाज पढ़ी गई और पूरे जिले में अमन-चैन कायम है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर 24 घंटे का डायवर्जन, आज से बदलेगा यातायात मार्ग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर मरम्मत कार्य के चलते 6 जून की सुबह 7 बजे से 7 जून की रात्रि तक विशेष यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। एडीसीपी ट्रैफिक वरुण कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 21.460 (आरएचएस) पर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाएगा, जिसके चलते यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में आईएमएस कॉलेज से एबीईएस कॉलेज के मध्य दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

मेरठ से दिल्ली की ओर जाने वाले सभी हल्के एवं भारी वाहन आईएमएस कॉलेज से राष्ट्रीय राजमार्ग-9, लालकुआं, एबीईएस कॉलेज होते हुए आईपीएम के पास पुनः एक्सप्रेस-वे पर प्रवेश करेंगे।




एडीसीपी ट्रैफिक वरुण कुमार सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस और एनएचएआई द्वारा संयुक्त रूप से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

निर्माण स्थल पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टिव साइनेज और यातायात कर्मियों की तैनाती रहेगी, जिससे कार्य सुरक्षित और सुचारु रूप से पूरा किया जा सके। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अतिरिक्त समय लेकर निकलें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और यातायात पुलिस के निर्देशों का अनुपालन करें।

भारी एवं मालवाहक वाहनों के चालकों को विशेष रूप से निर्धारित डायवर्जन मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी गई है। यातायात पुलिस ने कहा है कि पूरे समय यातायात व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त प्रबंध भी किए जाएंगे।

## संपादकीय

# हादसों पर भारी लापरवाही

किसी भी हादसे का सबसे जरूरी सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन इमारतों में आग लगने और उसमें लोगों की जान जाने की घटनाओं से कोई सबक नहीं लेने की लापरवाही एक सामान्य चलन बन चुकी है। राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवस्थागत कमियों की कलई खोल दी है। आमतौर पर किसी भी अस्पताल में मरीज इस उम्मीद में इलाज कराने जाते हैं, ताकि उनकी जिंदगी बच सके। मगर जब वहां अति सुरक्षित माने जाने वाले कक्ष में ही उनकी जान पर बन आए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अस्पतालों में सुरक्षा नियमों की जिस तरह अनदेखी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि चिकित्सा एक ऐसे व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां शायद जिंदगी की कोई कीमत नहीं। पिछले कुछ वर्षों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों में बार-बार गंभीर खामियां पाई गई हैं। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मुजफ्फरपुर में हुए हादसे ने साफ कर दिया है कि अस्पताल में किस हद तक घोर लापरवाही बरती जा रही थी। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पांच सदस्यीय दल बनाया गया है। अब जांच की रिपोर्ट कब आएगी, उस पर क्या कार्रवाई होगी, यह आम लोगों को शायद ही पता चले। मगर इस घटना में मारे गए मरीज कभी घर नहीं लौटेंगे। बेहतर होता कि स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल से तत्काल जवाब-तलब करता कि मरीजों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास की व्यवस्था के साथ अग्निरोधक उपाय उसने पहले क्यों नहीं किए। हैरत की बात है कि अस्पताल परिसरों में शॉर्ट सर्किट जैसी समस्या से निपटने को लेकर एहतियात बरतना और बुनियादी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता है। जांच और राहत के आश्वासनों से इतर सवाल यह है कि इस तरह की व्यापक लापरवाही के लिए प्रशासन की अनदेखी की जवाबदेही कब तय की जाएगी! मालवीय नगर के होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। एक बार फिर इस घटना ने राजधानी दिल्ली के लचर नागरिक प्रशासन और सुरक्षा इंतजामों की पोल एक बार फिर खोल दी है। दक्षिण दिल्ली के हौज रानी (मालवीय नगर) इलाके में स्थित ह्यफ्लरिश स्टे होटल में बुधवार, 3 जून 2026 की सुबह लगी इस भीषण आग ने 21 जिंदगियां निगल लीं। मरने वालों में 18 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं जो दिल्ली के बड़े अस्पतालों में इलाज कराने आए थे। इस हृदयविदारक हादसे ने पूरी राष्ट्रीय राजधानी को झकझोर कर रख दिया है। यह सिर्फ एक हादसा नहीं है, बल्कि भ्रष्ट व्यवस्था, प्रशासनिक सुस्ती और नियमों को ताक पर रखकर इंसानी जिंदगियों से खिलवाड़ करने का एक और खूनी सबूत है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 19 .8 मीटर (65 फीट) की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।

## राशिफल

**मेष:** घर में अतिथियों का आगमन होगा। उत्साहजनक सूचना प्राप्त होगी। मान बढ़ेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**वृष:** नवीन वस्त्राभूषण के लिए व्यय होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य सहज ही होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**मिथुन:** अप्रत्याशित खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते का बिगड़ सकते हैं।

**कर्क:** यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:** नई योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**कन्या:** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। देवदर्शन के लिए यात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**तुला:** स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक:** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। विवाद से बचें।

**धनु:** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी।

**मकर:** परिवार के साथ मनोरंजक यात्रा हो सकती है। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कुंभ:** मेहनत की अधिकता से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। बुरी खबर मिल सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा।

**मीन:** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक सदस्यों व मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई बड़ी समस्या दूर हो सकती है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# उतार-चढ़ाव के बाद फिसला बाजार सेंसेक्स 116 अंक टूटा, निफ्टी 23400 से नीचे



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के फैले के दिन बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। शुरूआती कारोबार में मजबूती के बावजूद बाजार में निवेशकों के बीच भ्रम की स्थिति दिखी, जिससे उतार-चढ़ाव को बढ़ावा मिला। आखिरकार प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 116.67 (-0.15%) अंकों की गिरावट के साथ 74,243.34 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 38 शेयरों का निफ्टी 49.85 (-0.21%) अंक टूटकर 23,366.70 के स्तर पर बंद हुआ। आरबीआई के नीतिगत फैसले के एलानों के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले 79 पैसे बढ़कर 94.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विप्रो और हिंडाल्को लगभग तीन-तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

शेयर बाजार में इस उतार-चढ़ाव और असमंजस की मुख्य वजह शुक्रवार को आए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले रहे। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ऐलान किया कि एमपीसी ने सर्वसम्मति से प्रमुख नीतिगत दर (रेपो रेट) को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने और 'तटस्थ' रुख अपनाने का निर्णय लिया है।

दरें स्थिर रहने के बावजूद बाजार की धारणा पर उस समय दबाव पड़ा, जब केंद्रीय बैंक ने वैश्विक अनिश्चितताओं और उच्च ऊर्जा कीमतों का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2027 के लिए खुदरा महंगाई (सीपीआई) का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया। गवर्नर मल्होत्रा ने आश्वस्त किया कि भारत की घरेलू आर्थिक स्थिति मजबूत है, लेकिन आपूर्ति में बाधाओं और संभावित अल नीनो (अल नीनो) के कारण महंगाई पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर केंद्रीय बैंक पूरी तरह से सतर्क है।

## 2060 तक ग्लोबल जीडीपी में चीन को पछाड़ देगा देश

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था के पटल पर आने वाले दशक बड़े ऐतिहासिक बदलावों के गवाह बनने वाले हैं। भारत अपनी तेज आर्थिक और जनसांख्यिकीय रफ्तार के दम पर साल 2060 तक क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सेदारी के मामले में चीन को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (पीएसई) से जुड़ी शोध संस्था 'वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब' (डब्ल्यूआईलैब) की एक ताजा रिपोर्ट में यह अहम अनुमान लगाया गया है। यह रिपोर्ट इस बात की ओर इशारा करती है कि 21वीं सदी के उत्तरार्ध में बीजिंग के आर्थिक दबदबे में तेज गिरावट आएगी और दुनिया एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ेगी।

## केरल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला सीएमआरएल की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** केरल हाईकोर्ट ने सीएमआरएल की याचिका खारिज करते हुए ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग जांच जारी रखने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि जांच शुरू करने के लिए पहले से अनुसूचित अपराध दर्ज होना जरूरी नहीं है। केरल हाईकोर्ट ने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड मामले में प्रवर्तन निदेशालय को बड़ी राहत देते हुए कंपनी की जांच रद्द करने की मांग खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद ईडी अब मामले में अपनी जांच आगे बढ़ा सकेगी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब ईडी निदेशक राहुल नवीन कोच्चि पहुंचे हैं।

## कला जीवंत व्यक्तित्व का आभूषण

प्रस्तुति करंट क्राइम

**डॉ. राजेश श्रीवास्तव**
**(गाजियाबाद)**



उस परमपिता परमेश्वर ने इस सृष्टि की रचना की जिसमें विविध प्रकार के रंग, फूल, कला, संगीत व पशु पक्षी के साथ अपनी सर्वोत्तम कृति 'मानव' की संरचना की और प्रकृति को उसने इस मानव को सौंप दिया जिससे कि वह अपने विवेक, बुद्धि और कला से सदियों से आने वाली पीढ़ियां को जागृत, समृद्ध और विवेकशील बनाता रहे।

*मानव निधि की संपदा, आभूषण की खान।*
*परख सको तो परख लो, मिले सदा सम्मान।।*
*चित्रकार संगीत हो, या लेखक साकार।*
*कला सभी अनमोल हैं, करो ईश आभार।।*

एक छोटे पौधे के समान जिस प्रकार एक शिशु को कच्ची मिट्टी के घड़े की तरह ठोक पीट करके कर्म की चक्की पर चला कर और करुणा, दया, ममता की हथौड़ी से पीट कर बड़ा किया जाता है और साथ-साथ उसमें यदि कोई अभिरुचि या कला की पहचान उसको हो जाती है तो वह एक ईश्वर का बहुमूल्य आभूषण से कम नहीं होता।

जहां आज की तारीख में विश्व वैश्विक युद्ध सोशल मीडिया पर फैले मायाजाल में आज का इंसान फंस करके अल्प समय में अधिक ख्याति प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है वहीं यदि उसमें संगीत गाने, वाद्य यंत्र बजाने, लेखन कार्य या चित्रकारी करने या अन्य किसी भी कला की परख उसमें आ जाती है। धीरे-धीरे समय की रफ्तार के साथ-साथ वह उसे कला को निखारता रहता है तो वहां आज की भाग दौड़ की इस जिंदगी में कुंठा, अवसाद, निराशा व क्रोध और दंभ आदि से अपने आप को बचाते हुए किसी एक कला के प्रति समर्पित भाव से जीवन की नैया को गंगा की लहरों की धार के बीच में अपनी नाव को धीरे-धीरे बहाता हुआ भव से पार हो जाएगा।

आज के समय में अनावश्यक रूप से या किसी पीड़ा से पीड़ित होकर आज के युवा वर्ग जहां अपनी जीवन लीला को यूं ही समाप्त कर लेते हैं वहां आज ऐसी दशा में ऐसे मनोविकार और ऐसे विषय पर प्रकाश डालना नितांत आवश्यक है। किसी भी समस्या में भाग लेने से समस्या का समाधान होता है ना कि उस समस्या से दूर या भाग जाने से होता है।

ईश्वर ने हर प्राणी को उसके पैदा होने के साथ ही किसी न किसी कला के साथ इस धरती पर भेजा है।

*हर खता का तमाशा बनाएं नहीं*
*बेवजह हर वजह को बढ़ाए नहीं*
*आरजू हंस के जीने की गर हो यहाँ*
*हर लबों पर मुस्कुराहट सजाए यहीं*

आइए मेरी लिखी इन्ही पंक्तियों के साथ जीवन के सप्तरंगी रंग में फूलों के सुगंध में कांटों के बीच में अपनी विवेक क्षमता के साथ जीवन की इस पथ पर आगे बढ़ते हुए उस परम पिता परमेश्वर का धन्यवाद करें जिसने हम सब में किसी न किसी कला को आभूषण के रूप में उपहार स्वरूप प्रदान किया है।

## चुटकुले

पत्नी : शादी से पहले तो तुम मुझे होटल, मूवी और शॉपिंग कराते थे।
पति : अरे भाग्यवान, चुनाव जीतने के बाद कोई प्रचार करता है क्या?

---

टीचर : अगर तुम्हारे पास 10 आम हैं और 5 मैं ले लूं तो क्या बचेगा?
पप्पू : सर, दुश्मनी बचेगी... और बहुत गहरी वाली!

---

डॉक्टर : आपको आराम की सख्त जरूरत है, ये नींद की गोलियां रख लीजिए।
मरीज : मैं इन्हें कब खाऊं? डॉक्टर : आप नहीं, घर वालों को खिलाइए।

---

पत्नी : मैं घर छोड़कर जा रही हूं, बहुत परेशान हो गई हूं।
पति : धन्यवाद भगवान! पत्नी : वापस मत बुलाना... पति : अरे, मैं तो दूसरी खुशी के लिए धन्यवाद दे रहा था।

---

बॉस : तुम हमेशा ऑफिस में देर से क्यों आते हो?
कर्मचारी : सर, क्योंकि सपनों में मैं समय पर पहुंच जाता हूं!

---

पप्पू : पापा, मैं इतना बड़ा कब हो जाऊंगा कि मम्मी से बिना पूछे कहीं जा सकूं?
पापा : बेटा, मैं खुद अभी उस उम्र तक नहीं पहुंचा हूं।

---

पत्नी : आपको मेरी सुंदरता ज्यादा पसंद है या अक्ल?
पति : मुझे तो तुम्हारा मजाक करने का अंदाज बहुत पसंद है।

---

दोस्त : यार, मेरी गर्लफ्रेंड हर बात पर गुस्सा हो जाती है।
दूसरा दोस्त : मेरी तो बिना बात के भी हो जाती है, अनुभव बोल रहा हूं!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## चौथी तिमाही में 7.8% रही जीडीपी वृद्धि दर, पूरे वित्त वर्ष में 7.7% की शानदार बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी तेज रफ्तार साबित करते हुए शानदार विकास दर दर्ज की है। सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए ताजा आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था की मजबूत तस्वीर पेश की है, जिसके मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही है। इस दमदार तिमाही प्रदर्शन के दम पर पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की समग्र आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गई है।

**पिछले साल के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन :** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (टड्ढरढक) की ओर से शुक्रवार को ये अहम आर्थिक आंकड़े जारी किए गए। इन आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था ने 7.7 प्रतिशत की दर से विस्तार किया है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की विकास दर के मुकाबले काफी बेहतर है। यह गति स्पष्ट करती है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है, जिससे विकास को लगातार समर्थन मिल रहा है।



**नॉमिनल जीडीपी में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि :** मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नॉमिनल जीडीपी (वर्तमान कीमतों पर) के मोर्चे पर भी अर्थव्यवस्था ने अपनी रफ्तार कायम रखी है।

### रियल जीडीपी में बड़ी छलांग

सरकारी अनुमानों के आधार पर रियल जीडीपी यानी 'स्थिर कीमतों पर जीडीपी' के वित्त वर्ष 2025-26 में 323.12 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2024-25 के 299.89 लाख करोड़ रुपये के पहले संशोधित अनुमान के मुकाबले एक बड़ी वृद्धि को दशार्ता है। स्थिर कीमतों पर यह मजबूती दिखाती है कि अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा विस्तार ले रहा है।

## 06 06 2026 करंट क्राइम


सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन



नेहा कक्कड़
सिंगर, अभिनेत्री



ध्रुव | गोल्डी | मीनाक्षी बंसल | रजनी करन | एड. नरेन्द्र वत्स



मुकेश गर्ग | अमित नागर | आशुतोष चौहान | खेमसिंह राठोर | आसिफ अब्बासी | राजेश कुमार



हितेश गर्ग | कृष्ण कुमार | मौहम्मद हारून | मुकेश चौधरी | राहुल चिटनोरा | अमित भारद्वाज



सुशील त्यागी | विजय गौर | विनोद कुमार | डॉ. कनिष बंसल | कृष्ण मल्होत्रा | पुनीत कुमार



महताब अली | नीरज मिश्रा | प्रवीण दशवाल | राहुल गौतम | राजीव मणि | सूरज सिंह



निखिल सैनी | परशुराम शुक्ला | योगेंद्र कुमार (योगी) | नितिन कौशिक | वेजवास चौधरी | दिलीप सागर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पंत या जुरेल में से किसे मिलेगी प्लेइंग-11 में जगह

## उचित संयोजन तैयार करने उतरेगा भारत



**मुल्लांपुर।** भारत और अफगानिस्तान के बीच टेस्ट मैच के दौरान नंबर तीन और रवींद्र जडेजा का विकल्प खोजना भारतीय टीम के लिए अहम पहलू होंगे। इसमें यह भी देखना दिलचस्प होगा कि किसी खिलाड़ी को डेब्यू का मौका मिलता है या नहीं?

भारतीय टीम लंबे समय बाद टेस्ट मैच खेलने उतरेगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच शनिवार से मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। यह मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा नहीं है, लेकिन आगे टीम की डगर कठिन है इसलिए वह उचित संयोजन तैयार करने के इरादे से उतरेगा। भारत का पिछले कुछ समय में घरेलू टेस्ट मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, लेकिन उसकी टीम अब भी बेहद मजबूत है।

**नंबर तीन पर कोच ने स्पष्ट किया रुख:** सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर थी कि इस मैच में नंबर तीन के स्थान पर साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल में से कौन उतरेगा। मैच से एक दिन पहले ही मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्पष्ट किया है कि तीसरे नंबर पर साई सुदर्शन बल्लेबाजी के लिए आएंगे। यानी यह तय है कि पडिक्कल अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे। गंभीर का तर्क है कि सुदर्शन को तीसरे नंबर पर ज्यादा मौके नहीं है और चार-पांच मैचों से उनका आकलन नहीं किया जा सकता है।

### इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**भारत:** यशस्वी जासवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, हर्ष दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**अफगानिस्तान:** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमातुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इकराम अलिखिल, अजमातुल्लाह ओमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, नांग्याल खारोतई, कईस अहमद, बिलाल सामी, सलीम सैफी।

**जडेजा के विकल्प की करनी होगी तलाश:** भारतीय खिलाड़ी पिछले साल बेहतरीन तैयारी के साथ मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम से 0-2 से मिली करारी हार को नहीं भूले होंगे और वह अनुभव के अंतर के बावजूद विपक्षी टीम को हल्के में न लें तो बेहतर होगा। तीसरे नंबर का बल्लेबाज और लाल गेंद की क्रिकेट में रवींद्र जडेजा के संभावित उत्तराधिकारी दो ऐसे पहलू हैं जिन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले इस मैच में दौरान सुलझाना चाहेंगे।

इस मैच में रवींद्र जडेजा को आराम दिया गया है, लेकिन यह एक सच्चाई है कि भारतीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन राजकोट के इस ऑलराउंडर के बिना भी टीम को तैयार करने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। जडेजा की सबसे बड़ी खूबी विदेशी परिस्थितियों में टेस्ट मैच में उनकी बल्लेबाजी है, जो अभी भी बेहतरीन है और इसलिए उनके पास अभी कुछ समय है।

**पंत को मिल सकता है मौका**

अगर पिछले कुछ दिन के नेट अभ्यास पर गौर करें तो सुथार बेहतर खिलाड़ी नजर आते हैं लेकिन दुबे का पलड़ा भी कम भारी नहीं है। मानव आक्रामक गेंदबाज नजर आते हैं जबकि दुबे का रवैया थोड़ा रक्षात्मक है लेकिन उनकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत है। वहीं, उपकप्तानी से हटाए जाने के बावजूद ऋषभ पंत ही विकेटकीपर के तौर पर पहली पंसद होंगे।

# प्रज्ञानंद ने विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश को हराया



**ओस्लो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्रज्ञानंद अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने हमवतन डी गुकेश पर क्लासिकल बाजी में शानदार जीत हासिल करके नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट के खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्रज्ञानंद इस जीत के बाद शीर्ष पर काबिज अमेरिका के वेस्ली सो से सिर्फ आधा अंक पीछे रह गए हैं, जिससे यहां अंतिम दौर में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

**दूसरे स्थान पर हैं प्रज्ञानंद**

प्रज्ञानंद ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद विश्व चैंपियन गुकेश को क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। इससे वह इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। नौवें दौर के बाद प्रज्ञानंद 15 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो (15.5) से ठीक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा भी 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। इस तरह से अंतिम दौर में तीन खिलाड़ियों के पास खिताब जीतने का मौका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो भी खिलाड़ी खिताब जीतेगा, वह पहली बार नॉर्वे शतरंज चैंपियन बनेगा।

**अब विंसेंट कीमर से होगा सामना**

प्रज्ञानंद निर्णायक अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर का सामना करेंगे जबकि वेस्ली सो का मुकाबला अलीरेजा से होगा। वेस्ली सो ने आमार्गेडन टाई-ब्रेक में मैग्नस कार्लसन को हराया।

# ललित मोदी का दावा: सीनियर खिलाड़ियों से की थी 2007 टी-20 विश्वकप खेलने की अपील



**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी इन दिनों काफी चर्चा में हैं। ललित मोदी ने अब एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि 2007 में उन्होंने इंग्लैंड दौरे के दौरान सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली जैसे सीनियर खिलाड़ियों से टी20 क्रिकेट खेलने की विनती की थी।

आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि 2007 में उन्होंने सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर खिलाड़ियों से टी20 क्रिकेट खेलने की अपील की थी। ललित मोदी ने बताया कि किस तरह वह 2007 में भारत के इंग्लैंड दौरे के दौरान ड्रेसिंग रूम में भारतीय खिलाड़ियों के पास गए थे और उन्होंने इन खिलाड़ियों को पहले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

ललित मोदी बोले- टी20 को लेकर शुरूआत में था संदेह

ललित मोदी के अनुसार, शुरूआत में टीम के भीतर इस प्रारूप को लेकर संदेह का माहौल था।

भारत का इंग्लैंड दौरा 19 जुलाई से आठ सितंबर 2007 तक था जिसमें टीम को तीन टेस्ट और सात मैचों की वनडे सीरीज खेलनी थी। वहीं, पहले टी20 विश्व कप की शुरूआत 11 सितंबर 2007 में हुई थी।

राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में युवा टीम चुनी गई थी जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं थे।

2007 टी20 विश्व कप टीम में वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, गौतम गंभीर, दिनेश कार्तिक, आरपी सिंह और इरफान पठान जैसे खिलाड़ी शामिल थे। उन्होंने 2007 में इंग्लैंड दौरे के दौरान भारतीय खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया और उन्हें पहले आईसीसी टी20 विश्व कप में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ी नए प्रारूप में खेलने के लिए अनिच्छुक थे, इसे बेवकूफी भरा खेल बताते हुए उन्होंने लंबे दौरे के बाद थकान और अपने परिवार के साथ समय बिताने की इच्छा का हवाला दिया था। आईपीएल के संस्थापक ने उस रवैये की तुलना वर्तमान समय से करते हुए कहा कि टी20 क्रिकेट का महत्व इतना बढ़ गया है कि अब अगर कोई खिलाड़ी विश्व कप से बाहर रहने का विकल्प चुनता है तो प्रशंसकों, खिलाड़ियों और प्रशासकों की ओर से व्यापक आलोचना होगी।

### खिलाड़ियों ने ललित मोदी से क्या कहा?

ललित मोदी ने कहा, 2007 में जब भारत इंग्लैंड दौरे पर था, तब मैं ड्रेसिंग रूम में हर खिलाड़ी के पास गया। मैंने उनसे कहा कि प्लीज, मैं आपसे विनती करता हूं कि टी20 खेलें। इन खिलाड़ियों ने कहा कि ललित, क्या आप मजाक कर रहे हैं? यह कैसा बेवकूफी भरा खेल है? हम इसमें नहीं खेलना चाहते। ड्रेसिंग रूम में हर किसी ने मुझसे यही कहा कि अरे, हमारा दौरा लंबा रहा है। हम अपने परिवारों के साथ रहना चाहते हैं। अब आज के समय में क्या जनता, खिलाड़ी और प्रशासक किसी खिलाड़ी के विश्व कप न खेलने को स्वीकार करेंगे।

# तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए किसे मिलेगा मौका

## कोच गंभीर ने किया स्पष्ट, पंत को लेकर भी रखी राय

**मुल्लांपुर।** भारत और अफगानिस्तान के बीच शनिवार से मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट की शुरूआत होगी। भारत लंबे समय बाद टेस्ट खेलने उतरेगा। सबसे ज्यादा चर्चा नंबर तीन स्थान को लेकर है। साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल के रूप में भारत के पास इस स्थान के लिए दो विकल्प हैं। अब मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया है कि इस स्थान पर बल्लेबाजी के लिए किसे मौका मिलेगा।

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने शुक्रवार को कहा कि साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए ज्यादा मौके नहीं मिले हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट से पहले गंभीर ने संकेत दिए कि तीसरे नंबर पर देवदत्त पडिक्कल की जगह साई सुदर्शन को मौका मिल सकता है। गंभीर ने यह भी कहा कि टीम अगस्त में श्रीलंका दौरे के लिए चार स्पिनरों को तैयार करेगी।

**सुदर्शन की फॉर्म का समर्थन किया:** भारत और अफगानिस्तान के बीच यह टेस्ट मैच मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा नहीं है, लेकिन यह आगामी सीरीज को देखते हुए टीम संयोजन तैयार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मैच से पहले गंभीर ने कहा, साई सुदर्शन को उचित मौका नहीं मिला है। उन्होंने अधिकतर मैच इंग्लैंड में खेले और मुझे लगता है कि उन्हें उचित मौका मिलना चाहिए। हम केवल 11 खिलाड़ियों का चयन कर सकते हैं और साई खराब फॉर्म में नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल में 700 से अधिक रन बनाए हैं। अगर हम साई का आकलन चार पांच मैचों के आधार पर करेंगे तो फिर कोई ठोस राय नहीं बना पाएंगे।

**श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर ध्यान**


मानव सुथार और हर्ष दुबे के बीच बाएं हाथ के स्पिनर के एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा हैं और गंभीर ने कहा कि भारत को श्रीलंका में अगस्त में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए स्पिन गेंदबाजी के कई विकल्प तैयार करने होंगे। उन्होंने कहा, मानव और हर्ष कुछ हद तक एक जैसे खिलाड़ी हैं, लेकिन उनके गेंद फेंकने के तरीके में कुछ अंतर भी हैं। इस मैच से हमें अपना चौथा स्पिनर तैयार करने में मदद मिलेगी क्योंकि हम श्रीलंका में चार स्पिनर लेकर जाएंगे। न्यूजीलैंड का दौरा करने पर हमें अलग तरह से तैयारी करनी होगी। हमारा मानना है कि हमें टेस्ट मैचों के लिए बेहतर तैयारी करने की जरूरत है।

**पंत को उपकप्तानी से हटाने पर क्या बोले कोच?**

ऋषभ पंत को टेस्ट टीम की उपकप्तानी से हटाया गया था। इस पर अब गंभीर ने भी अपनी राय रखी है। गंभीर ने कहा कि पंत को उनका समर्थन प्राप्त है, लेकिन उन्हें खेल की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है। गंभीर ने कहा, हम ऋषभ पंत की खेल की शैली में बदलाव नहीं चाहते, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खिलाड़ियों के लिए मैच की परिस्थितियों का सम्मान करना जरूरी होता है।



# फाइनल में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर खिलाड़ी बनीं माजा च्वालिंस्का, अब आंद्रिवा से होगा सामना



**पेरिस।** माजा च्वालिंस्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में उन्होंने डायना श्नाइडर को सीधे सेटों में हराया।

पोलैंड की 24 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी माजा च्वालिंस्का ने फ्रेंच ओपन 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिला एकल सेमीफाइनल में रूस की डायना श्नाइडर को सीधे सेटों में 7-6(4), 6-4 से हराकर पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही वह रोलां गैरां के इतिहास में महिला एकल फाइनल तक पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर खिलाड़ी बन गई हैं।

**ओपन एरा में ग्रैंडस्लैम फाइनल तक पहुंचने वाली दूसरी क्वालिफायर:** विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर मौजूद च्वालिंस्का ने इस टूनार्मेंट में अब तक कुल नौ मुकाबले जीते हैं। इनमें तीन मैच क्वालिफाइंग दौर और छह मैच मुख्य ड्रॉ में शामिल हैं। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें ओपन एरा में ग्रैंडस्लैम फाइनल तक पहुंचने वाली सिर्फ दूसरी क्वालिफायर बना दिया है। इससे पहले, यह कारनामा ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू ने 2021 यूएस ओपन में किया था, जहां उन्होंने खिताब भी जीता था। सेमीफाइनल मुकाबले में च्वालिंस्का ने अपने शानदार खेल से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने गति और शॉट्स की दिशा में लगातार बदलाव करते हुए श्नाइडर पर दबाव बनाए रखा। इसके साथ ही उनकी बेहतरीन फिटनेस, तेज मूवमेंट और मजबूत डिफेंस ने जीत में अहम भूमिका निभाई। च्वालिंस्का और श्नाइडर के बीच हुआ सेमीफाइनल मुकाबला दो घंटे 10 मिनट तक चला।



### विशेष सूची में शामिल हुईं च्वालिंस्का

जीत के बाद भावुक नजर आईं च्वालिंस्का कोर्ट पर ही बैठ गईं। उन्होंने कहा, 'यह किसी सपने के सच होने जैसा है। मुझे अभी भी यकीन नहीं हो रहा कि मैंने क्या हासिल किया है। मैं बहुत खुश हूं और शब्दों में अपनी भावना व्यक्त नहीं कर सकती।' इस उपलब्धि के साथ च्वालिंस्का एक और खास सूची में शामिल हो गई हैं। वह इवोन गूलागोंग (1971) और क्रिस एवर्ट (1973) के बाद रोलां गैरां के मुख्य ड्रॉ में अपने पहले ही अभियान में फाइनल तक पहुंचने वाली केवल तीसरी महिला खिलाड़ी बनी हैं। खिताबी मुकाबले में च्वालिंस्का की भिड़ंत आठवीं वरीयता प्राप्त मिरा आंद्रिवा से होगी। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहली भिड़ंत होगी। ऐसे में फाइनल मुकाबला रोमांचक होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है।

# ये पांच नियम बनाएंगे विश्व कप मुकाबलों को सुपरफास्ट, समय की बबार्दी रोकना है लक्ष्य



**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और अगले कुछ दिनों में फुटबॉल का महाकुंभ शुरू होने वाला है। इस बार विश्व कप कई मायनों में खास रहने वाला है।

फुटबॉल मैच को दूसरी टीम के पक्ष में झुकता देखकर समय बर्बाद करने का फंडा लगभग हर टीम की प्रमुख रणनीति होता है। हालांकि फीफा विश्व कप 2026 में समय बर्बाद करने से रोकने और खेल की गति बढ़ाने के लिए तय किए गए कुछ खास नियम लागू होंगे। ये नियम इसी साल फरवरी में इंटरनेशनल फुटबाल एसोसिएशन बोर्ड (आईएफएबी) की 140वीं वार्षिक आम बैठक में तय हुए थे, जो इस फुटबाल महाकुंभ से स्वतः लागू हो जाएंगे। फुटबॉल नियम बनाने वाली आईएफएबी की तरफ से तय किए गए पांच नए नियमों के बारे में हम बता रहे हैं, जिनसे फीफा विश्व कप के मैच इस बार सुपरफास्ट नजर आएंगे।

**थ्रो-इन या गोल-किक काउंटडाउन:** खिलाड़ी को थ्रो-इन का मौका मिलने पर समय खराब किए बिना शॉट लेना होगा। थ्रो-इन में जानबूझकर खेल में देरी पर मैच रेफरी सीटी बजाकर इसका इशारा करेगा। पांच सेकेंड की उल्टी गिनती कर रेफरी थ्रो-इन रद्द करके दूसरी टीम को इसका मौका देगा। गोल-किक में भी समय खराबी पर रेफरी 5 सेकंड गिनकर विपक्षी को कॉर्नर किक देगा। **चोट लगने पर उपचार की समय सीमा** चोट लगने पर खिलाड़ी के लिए फिजियो से ऑन- फील्ड उपचार लेने की भी समयसीमा तय हुई है। ऐसे खिलाड़ी को इलाज कराने के बाद कम से कम एक मिनट के लिए मैदान से बाहर रहना होगा।

**स्थानापन्न का नियम**

खिलाड़ी को बीच मैच में बदलने के लिए भी 10 सेकेंड की समय सीमा रहेगी। रेफरी के बदलाव का संकेत देने के 10 सेकेंड के अंदर ही दोनों खिलाड़ियों को अंदर-बाहर आना-जाना होगा। 10 सेकेंड में बदलाव नहीं होने पर टीम को 60 सेकेंड तक एक खिलाड़ी के बिना ही मैच में आगे खेलना होगा। मैच के दौरान वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) प्रोटोकॉल में भी तीन बदलाव किए गए हैं। बीएआर गलत तरीके से मिले दूसरे पीले कार्ड के कारण दिए रेड कार्ड की समीक्षा कर पाएगा।

**छूटी हुई गेंद को लेकर नया नियम**

ड्रॉप बॉल केस में खेल न रुकने की स्थिति में गेंद को अपने पास रखने वाली टीम को इसका कब्जा मिलेगा।

# भारतीय टीम में बदलाव की तैयारी: श्रेयस का टी-20 कप्तान बनना लगभग तय

## कौन होगा उपकप्तान? वैभव को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की शनिवार को बैठक होनी है। इसमें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के साथ ही एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम का चयन होना है। सभी की नजरें इस बात पर हैं कि सूर्यकुमार यादव का क्या होगा। क्या उन्हें बरकरार रखा जाएगा या टीम नए कप्तान के साथ उतरेगी।

भारतीय टी20 टीम में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है और अब ये लगभग तय है कि सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर टी20 टीम के कप्तान होंगे। आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे तथा जापान में होने वाले एशिया खेलों की टीम के चयन के लिए शनिवार को अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक होगी। भारत को 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 खेलने हैं, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाने हैं।





### सूर्यकुमार के लिए टीम में जगह बनाना हुआ मुश्किल

एशियाई खेलों का आयोजन इस साल सितंबर-अक्तूबर में जापान में होना है। इसके लिए टीम की घोषणा इसलिए जल्दी हो रही है क्योंकि आयोजकों ने डेडलाइन पहले की रखी है। यह माना जा रहा है कि मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा टी20 टीम के नए उपकप्तान होंगे, जबकि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी सीनियर टीम में पहली बार जगह मिल सकती है। सूर्यकुमार यादव से सिर्फ कप्तानी ही नहीं छिनेगी, बल्कि वह टीम से बाहर किए जा सकते हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने इस साल टी20 विश्व कप के खिताब का बचाव किया था, लेकिन पिछले कई महीनों से वह फॉर्म में नहीं हैं।

### दो अलग टीमों का होगा एलान

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ब्रिटेन दौर और एशियाई खेलों के लिए दो अलग-अलग टीम का एलान करेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीमित ओवरों की सीरीज होने के बावजूद एशियाई खेलों के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनेगा। एशियाई खेलों में तिलक वर्मा टीम के कप्तान हो सकते हैं और वैभव सूर्यवंशी भी इस टी20 टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

### श्रेयस का पलड़ा भारी क्यों?

दूसरी तरफ, 31 साल के श्रेयस टी20 विश्व कप का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब माना जा रहा है कि वह नंबर चार स्थान पर जगह लेंगे।

आईपीएल में कप्तान के तौर पर श्रेयस का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने अपनी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया है।

2024 में उनकी ही कप्तानी में केकेआर ने खिताब अपने नाम किया था। तीन अलग-अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक पहुंचाने वाले श्रेयस एकमात्र कप्तान हैं जिससे उनकी लीडरशीप को लेकर भरोसा बढ़ा है। इतना नहीं, कप्तान की जिम्मेदारी के बावजूद श्रेयस की बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा और इस साल आईपीएल में उन्होंने दमदार बल्लेबाजी की।

### नए चेहरों को मौका, क्या भुवनेश्वर की होगी वापसी?

इस दौरे के लिए कुछ नए चेहरों को भी मौका मिल सकता है जिसमें तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और लेफ्ट ऑर्म स्पिनर हर्ष दुबे शामिल हैं जिन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे टीम में जगह मिली थी। चयनकर्ता मोहम्मद शमी से तो आगे बढ़ चुके हैं, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हो पाती है या नहीं। भुवनेश्वर ने इस आईपीएल सीजन में 36 साल की उम्र में दमदार प्रदर्शनकिया था और 28 विकेट अपने नाम किए थे। भुवनेश्वर सपाट पिच पर काफी कारगर साबित होते हैं और इंग्लैंड की परिस्थितियों में टीम के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

# भारत में पहली बार हो रही एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार आयोजित होने जा रही एशियन सीनियर फेंसिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान हिस्सा नहीं लेगा। फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन दोनों देशों ने अपने खिलाड़ियों की प्रविष्टियां नहीं भेजीं। एफएआई के महासचिव राजीव मेहता ने गुरुवार को बताया कि चैंपियनशिप के लिए प्रविष्टियां भेजने की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है और अब विभिन्न देशों के खिलाड़ियों व अधिकारियों के लिए वीजा प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा, 'हमने पाकिस्तान और अफगानिस्तान को प्रतियोगिता में भाग लेने का निमंत्रण दिया था, लेकिन उन्होंने अपने फेंसर नहीं भेजने का फैसला किया।'

**19 जून से भारत मंडपम में होगा आयोजन**

19 जून से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होने वाली इस चैंपियनशिप में एशिया और ओशिनिया के 30 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के संचालन के लिए करीब 100 प्रतिनिधि और तकनीकी अधिकारी मौजूद रहेंगे। भारत पहली बार इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है, जिसे देश में फेंसिंग खेल के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं में पाक खिलाड़ियों पर नहीं है रोक**

पिछले महीने खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया था कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों पर लगाया गया प्रतिबंध जारी रहेगा।

06 June -26 page 6 6/5/2026 11:03 PM Page 1






# श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री योगी को दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं

## पटका, रुद्राक्ष माला और भगवान दूधेश्वर का प्रसाद भेंट कर किया अभिनंदन



**लखनऊ।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर, गाजियाबाद के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज तथा नैमिषाचार्य पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर विद्या चेतन महाराज ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनके आवास पर भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, महामंडलेश्वर विद्या चेतन महाराज एवं आदित्य दीक्षित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पटका पहनाकर, रुद्राक्ष की माला एवं भगवान दूधेश्वर का प्रसाद भेंट कर उनका अभिनंदन किया। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा के लिए भगवान से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज एवं महामंडलेश्वर विद्या चेतन महाराज का चादर ओढ़ाकर सम्मान किया तथा उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की कांस्य प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर सभी ने साथ बैठकर भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण और रामनगरी के व्यापक विकास ने प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाई है। महामंडलेश्वर विद्या चेतन महाराज ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि उसे योगी आदित्यनाथ जैसा कर्मठ, संत और तपस्वी मुख्यमंत्री मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्रसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से लेकर काशी तक प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण से उत्तर प्रदेश को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान मिली है और प्रदेश निरंतर विकास की नई गाथा लिख रहा है।

# कविनगर में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित



### ➩ राज्य कर विभाग ने जीएसटी संबंधी समस्याओं का किया समाधान, व्यापारियों को दी महत्वपूर्ण जानकारियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग की ओर से शुक्रवार को कविनगर में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजीयन के महत्व, व्यापारी बीमा दुर्घटना योजना, समाधान योजना, राजस्व वृद्धि की कार्ययोजना, जीएसटी 2.0 के सुधारों तथा जीएसटी रिटर्न से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी कानून में हुए नवीनतम संशोधनों की जानकारी दी। उपस्थित व्यापारियों ने रिटर्न, आईटीसी, ई-वे बिल, पंजीकरण, रिफंड एवं समाधान योजना से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान किया। अधिकारियों ने व्यापारियों को कर अनुपालन को सरल एवं सुगम बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों और विभागीय अधिकारियों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई, जिससे आपसी सहयोग और विश्वास को और अधिक मजबूत करने में मदद मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त रेनू सिंह ने की। इस अवसर पर विभाग की ओर से उपायुक्त संजीव शुक्ला, संजय आर्या, विजय कुमार चौधरी, सहायक आयुक्त अमित कुमार सिंह, राज्य कर अधिकारी उपेंद्र कुमार, जीशान अली एवं सतीश कुमार उपस्थित रहे। व्यापारी वर्ग की ओर से योगेश चौधरी, मनीष गर्ग, रनधीर किशोर, श्री लाल, पप्पू, राम सिंह, पुलकित जैन, मनोज, अंकित सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के साथ उन्हें कर संबंधी नई व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

### ➩ प्रताप विहार मंडल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने किया कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रताप विहार मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जे-ब्लॉक स्थित पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल महामंत्री नितेश भट्ट के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशांत चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई दिशा और दशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 12 वर्षों का कार्यकाल विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो रहा है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर महामंत्री एवं मंडल प्रभारी प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने की। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने वरिष्ठ नागरिकों को पुष्प भेंट कर सम्मानित भी किया। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पार्षद पूनम सिंह, दीप्ति चौहान, अमित गुप्ता, ध्रुव पुंडी, नाहर सिंह, राजाराम गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह, सीपी सिंह, रामनिवास, प्रमिला चौधरी, विनोद कुमार, गुरप्रीत मकराना, सुषमा सिंह, राणा, नागेश शर्मा, गजेंद्र ठाकुर, अनीता विश्वास, दुर्गेश दीक्षित, अरविंद नगर, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति चौहान ने किया।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एवं शुभकामनाएं व्यक्त कर उनका जन्मोत्सव भी मनाया। इस अवसर पर उनके स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की कामना की गई।

# वरिष्ठ पत्रकार लोकेश राय को पितृ शोक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के वरिष्ठ टीवी पत्रकार लोकेश राय के पिता मुनेन्द्र कुमार राय (64 वर्ष) का शुक्रवार को बीमारी के उपरांत निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों तथा शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय मुनेन्द्र कुमार राय अपने सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। परिवार के अनुसार उनका अंतिम संस्कार शनिवार को बृजघाट में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान डी-611, गोविंदपुरम, गाजियाबाद से प्रात: 8:30 बजे बृजघाट के लिए रवाना होगी। उनके निधन पर अनेक पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और परिचितों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। वरिष्ठ पत्रकार लोकेश राय एवं समस्त राय परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

# एमएमजी अस्पताल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

## विश्व पर्यावरण दिवस पर चिकित्सकों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने दिया हरित भविष्य का संदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एमएमजी जिला अस्पताल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश देना था। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार मित्तल ह्यमेदी वालेह्न, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार, डॉ. चरण सिंह, डॉ. दिव्या, देवांशु अग्रवाल सहित अस्पताल के स्टाफ नर्सों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# विशेष अवसरों पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए : पार्षद नीरज गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांधी नगर स्थित शहीद ओबेरॉय पार्क में पार्षद नीरज गोयल एवं स्थानीय निवासियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अशोका, आम, नीम, जामुन, बरगद एवं शीशम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि हम सभी को अपने परिवार में आने वाले विशेष अवसरों, जैसे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए धन-संपत्ति छोड़कर जाते हैं, उसी प्रकार उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण देना भी हमारी जिम्मेदारी है। शुद्ध वायु और संतुलित प्रकृति अच्छे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, और यह तभी संभव है जब हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण करें। कार्यक्रम में दिनेश जिंदल, सुशील गोस्वामी, शुभम्-गोयल, विक्रम सिंह, राकेश स्वामी, रिंकू सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कौशांबी में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने किया पौधारोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर कौशांबी सेंट्रल पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने किया।

इस दौरान पौधे रोपित कर मुख्यमंत्री के जन्मदिन की खुशी में मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में कौशांबी वेलफेयर एसोसिएशन, पप्पू चौपाल कौशांबी पार्क ग्रुप, ताली ग्रुप एवं योगा ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राकेश जाकेतिया, दीपक गुप्ता, मनीष जैन, जयपुरिया के महासचिव पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष एस आर सिंह, अजय गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, शिव शंकर उपाध्याय, गौरव वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# भौपुरा मंडल में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण अभियान का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भौपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भौपुरा मंडल के वार्ड नंबर-5, गगन विहार-हर्ष विहार-2 के शक्ति केंद्र-4 और 5 पर एक-एक वृक्ष लगाकर अभियान की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रूप चौधरी रहे। इस अवसर पर मंडल प्रभारी अश्विनी शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना, मंडल महामंत्री सैन राजकुमार चंदेला, उदयवीर सिंह भोला, मंडल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र सैन, शक्तिकेंद्र संयोजक बाल्मीकि चौहान, हरपाल परेवा, बूथ अध्यक्ष उदयवीर, देवीराम कसाना, आशीष आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। पौधारोपण कार्यक्रम के संयोजक व मंडल उपाध्यक्ष जितेन्द्र सैन ने बताया कि सभी कार्यकताओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पूर्व सांसद विजयपाल तोमर ने नीति खंड-3 में पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर वार्ड 98 के नीति खंड-3, सेंट्रल पार्क में दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहले कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद व उड़ीसा प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर तथा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल उपस्थित रहे। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण व हरित भविष्य का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में पार्षद डॉ. अनिल तोमर, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. लीना तोमर, पार्षद धीरज अग्रवाल, हरीश काराकोटी, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, पूर्व महामंत्री उमाशंकर तोमर, प्रदीप सोलंकी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परविंदर यादव, विकास राजपूत, धीरज तोमार, राजकुमार कुंडू, अशोक गोस्वामी, असी पी सिंह, बी.के. वर्मा, पिंटू तोमर सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया।

सभी ने सीएम के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं प्रदेश के निरंतर विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और सुरक्षा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा, आइए हम सभी अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित वातावरण का निर्माण करें।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरकेजी ग्लोबल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की निर्देशक-प्रधानाचार्या कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह ने शिक्षकों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय परिवार ने विश्व पर्यावरण दिवस को उत्साहपूर्वक मनाते हुए प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।




# तीन साल वाली लिस्ट फिर बढाएगी थ्री-स्टारों की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक बार फिर चर्चा सुनाई दे रही है कि थ्री-स्टारों की लखनऊ से लंबी वाली लिस्ट आएगी। इस लिस्ट के आने के बाद ना सिर्फ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में टेंशन बढ़ने वाली है। बता दें कि अभी बीते दिनों छह थ्री-स्टारों वाली लिस्ट आई थी। जिसके बाद कहा जा रहा था कि अब कुछ दिनों के लिए थ्री-स्टार व प्रभारियों वाली लिस्ट पर ब्रेक लग सकता है, पर अब पुलिस वाले सूत्र ही बता रहे हैं कि जिस तरीके से मुख्यालय से तीन साल पूरा करने वाले थ्री-स्टारों की लिस्ट बनाई जा रही है, उसका पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ा असर दिखाई दे सकता है। वहीं इन सबके बीच पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद में कई थाना प्रभारी ऐसे हैं, जो 2021 में गाजियाबाद में एंट्री लेते हैं। उनका समय लगभग पूरा माना जा रहा है और यह वैसे भी चुनावी वर्ष है। इसमें कई तरीके के नियम और आदेश आ ही जाते हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि अगर तीन साल वाले मामले को लेकर अधिक



जोर दिया गया और आदेश जल्द आ गया तो गाजियाबाद से कई थ्री-स्टार कांवड़ से पहले ही रवाना हो सकते हैं। कई थानों के समीकरण बदल जाएंगे, तो कई थ्री-स्टार लाइन से सीधे थाने और साइड लाइन से अच्छी वाली पोस्टिंग पा सकते हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि बीते दिनों जिस तरीके से एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट आई लेकिन उसके बाद भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में उनका संकट दूर नहीं होगा। बताया जा रहा है कि दो लोग इन हुए और दो लोग आउट हुए जबकि वर्तमान में चार जगह तो आवश्यक रूप से ही एसीपी स्तर के अधिकारियों की पोस्टिंग जरूरी बताई जा रही है। तो सुनने में आया है कि जिस तरीके से नदिया पार वाला और देहात वाला मामला उलझा हुआ है, उसको देखकर कहा जा सकता है कि हो सकता है कि रवानगी और आमद में भी देरी वाला सीन हो जाए। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि तीन साल वाली लिस्ट कई थाना प्रभारियों और इंस्पेक्टर को डिस्टर्ब करेगी। तो कुछ के लिए नए चांस भी बनने जा रहे हैं। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि जिन सबसे खास वाले थ्री-स्टार का नाम इसमें आ सकता है। उनके लिए आदेश- नियम कुछ भी हों वह बदले भी जा सकते हैं।

# सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर शालीमार गार्डन में पौधारोपण

### - स्थानीय निवासियों को सैकड़ों पौधे वितरित किए गए




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शालीमार गार्डन स्थित शहीद स्थल पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'समाधान शक्ति संस्था' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में पौधारोपण किया गया और स्थानीय निवासियों को सैकड़ों पौधे वितरित किए गए।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पूर्व महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, पिछले दो सौ वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से आज हमारे सामने पर्यावरण परिवर्तन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पर्यावरण दिवस का उद्देश्य केवल एक दिन पौधे लगाना नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी समझना है। यदि हम अब भी सचेत नहीं हुए, तो ग्लोबल वार्मिंग और समुद्र के बढ़ते जलस्तर से पूरी मानव सभ्यता का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

इस दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और उन्हें जीवित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्षद श्याम शर्मा, डीएन कॉल, भूषण लाल, प्रतीक माथुर, हरीश गौड़, शैलेन्द्र सक्सेना, रूपा मुखर्जी, अनीता राणा, निशा चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रविंद्र कंबोज बने इंस्पेक्टर, डीसीपी ग्रामीण ने लगाए स्टार

### - पूर्व अंकुर विहार थाने के रह चुके हैं थानाध्यक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक रविंद्र कंबोज को पदोन्नति मिलने के बाद इंस्पेक्टर बनाया गया है। वर्तमान में मोदीनगर थाने में तैनात रविंद्र कंबोज की पदोन्नति पर पुलिस अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दी। पदोन्नति के उपरांत डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने रविंद्र कंबोज के कंधों पर इंस्पेक्टर के स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और बेहतर पुलिसिंग की कामना की। रविंद्र कंबोज का पुलिस विभाग में लंबा अनुभव रहा है। वह पूर्व में अंकुर विहार थाने के प्रभारी रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने कविनगर और कौशांबी थानों में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई है। विभिन्न थानों और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने अपनी कार्यशैली, अनुशासन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति को उनकी मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान माना जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं दी हैं।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का एक अंदाज फार्मर अंदाज भी है। ये अंदाज उनकी फेसबुक पर नजर आया। उन्होंने ट्रैक्टर चलाया और बता दिया कि इस देश का असली घमंड किसान है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने लिखा कि जेठ की दोपहरी हो या माघ की ठंड हो, उसका हौसला रहा है हमेशा बुलंद। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का ये फार्मर लाईफ अंदाज फेसबुक पर छाया रहा। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# शालीमार गार्डन पुलिस का बड़ा खुलासा

## चार वाहन चोर गिरफ्तार, 17 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद

### थाना प्रभारी अवधेश त्रिपाठी की टीम की कार्रवाई, दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय गैंग का भंडाफोड़





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शालीमार गार्डन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों में आठ मोटरसाइकिल और नौ स्कूटी शामिल हैं। पुलिस ने इनमें से कई वाहनों को गाजियाबाद और दिल्ली क्षेत्र में दर्ज वाहन चोरी की घटनाओं से भी कनेक्ट किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक ने थाना शालीमार गार्डन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पूरे मामले का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर डीएलएफ कट के पास से चार आरोपियों को एक चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ और निशानदेही पर ग्रीन बेल्ट की झाड़ियों में छिपाकर रखे गए आठ मोटरसाइकिल और आठ अन्य स्कूटी भी बरामद कर ली गईं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय गुप्ता, यश शर्मा, मोहम्मद शाहबाज और मोहित जाटव के रूप में हुई है। जबकि उनका साथी सैफ उर्फ अब्दुल अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे काफी समय से गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी कर रहे थे। चोरी के बाद वाहनों को सुनसान स्थानों पर इकट्ठा कर रखा जाता था और पर्याप्त संख्या होने पर उन्हें दूसरे शहरों में बेच दिया जाता था। आरोपी शुक्रवार को भी चोरी के वाहनों को ठिकाने लगाने की तैयारी में थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न थानों में वाहन चोरी और चोरी का माल बरामद होने से संबंधित एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

# होटल के कमरे में युवती की मौत से मचा हड़कंप, युवक हिरासत में

### परिजनों को शांत कराने में जुटी रही पुलिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजयनगर थानाक्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में युवती का शव मिलने से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस में भी हलचल बढ़ गई। युवती की मौत को लेकर परिजनों में आक्रोश देखने को मिला, जबकि पुलिस अधिकारियों ने मौके से लेकर मोर्चरी और श्मशान घाट तक मौजूद रहकर स्थिति को संभाला और परिवार को शांत कराने का प्रयास किया। मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार होटल कर्मचारियों ने सूचना दी कि होटल के एक कमरे में ठहरी युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया है। सूचना मिलते ही विजयनगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया, जहां युवती मृत अवस्था में मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।



### मोबाइल और अन्य साक्ष्य कब्जे में

**करंट क्राइम :** घटनास्थल से पुलिस ने युवती का मोबाइल फोन तथा अन्य महत्वपूर्ण सामान कब्जे में लिया है। साथ ही होटल के सीसीटीवी फुटेज और रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस होटल कर्मचारियों और युवती के संपर्क में रहे लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।




### युवक हिरासत में, कई एंगल पर जांच



**करंट क्राइम :** पुलिस ने मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। जांच में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के पहलू को भी शामिल किया गया है। हिरासत में लिए गए युवक से लगातार पूछताछ की जा रही है और उसके मोबाइल व अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद युवती के परिजन गाजियाबाद पहुंचे। मामले को लेकर भावनात्मक माहौल बना रहा। इस दौरान थाना प्रभारी विजयनगर धर्मपाल सिंह और घंटाघर कोतवाल सचिन कुमार मोर्चरी से लेकर श्मशान घाट तक पुलिस बल के साथ घंटों मौजूद रहे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। पुलिस की मौजूदगी के चलते पूरे समय कानून-व्यवस्था सामान्य बनी रही। एसीपी कोतवाली उपासना पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पाकिस्तान का भारत पर चेनाब का पानी मोड़ने का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि भारत चेनाब नदी के पानी को ब्यास नदी में सुरंग के माध्यम से डालने की योजना बना रहा है, ये दोनों नदियां सिंधु बेसिन का हिस्सा हैं। पाकिस्तान ने इसे सिंधु जल संधि और अन्य अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से निलंबित कर दिया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। अंद्राबी ने दावा किया कि चेनाब नदी के पानी का ब्यास नदी प्रणाली में इस प्रकार का अंतर-बेसिन मोड़ना न केवल सिंधु जल संधि का, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जल कानून का भी गंभीर उल्लंघन है, जिसमें 1977 के जलमार्ग संबंधी संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन में शामिल सिद्धांत भी शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में विदेशी तिलचट्टों की सबसे बड़ी जब्ती

### ब्रीडर से मिले एक लाख से ज्यादा कॉकरोच

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया में एक ब्रीडर से एक लाख से ज्यादा अवैध विदेशी कॉकरोच जब्त किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल संभवतः पालतू छिपकलियों के भोजन के रूप में किया जा रहा था, लेकिन इन्हें रखना और बेचना गैरकानूनी है। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कीड़े पर्यावरण और स्थानीय जीवों के लिए खतरा बन सकते हैं, इसलिए सभी को नष्ट किया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया में गैरकानूनी तरीके से रखे गए एक लाख से ज्यादा तिलचट्टों (कॉकरोच) को एक ही ब्रीडर (कीड़े पालने वाले व्यक्ति) से जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह देश के इतिहास में विदेशी अकशेरुकी जीवों (रीढ़ की हड्डी के बिना जीव) की सबसे बड़ी जब्ती है।

ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, पर्यावरण और जल विभाग (डीसीसीईईडब्ल्यू) के मुताबिक, मई महीने में न्यू साउथ वेल्स राज्य के बाथर्स्ट शहर में एक व्यावसायिक ब्रीडर के पास से मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच और डुबिया कॉकरोच जब्त किए गए। इनकी अनुमानित कीमत दो लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 1.42 लाख अमेरिकी डॉलर) बताई गई है।



**मेडागास्कर हिसिंग दुनिया के सबसे बड़े तिलचट्टेः** मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच दुनिया के सबसे बड़े चिलचट्टों में से एक हैं। इनकी लंबाई 2 से 3 इंच (5 से 8 सेंटीमीटर) तक होती है। विभाग की ओर से जारी तस्वीरों में यह चमकदार भूरे रंग का तिलचट्टा एक व्यक्ति की उंगली से भी बड़ा दिखाई दिया। यह प्रजाति ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले सामान्य तिलचट्टों से काफी बड़ी है। आम ऑस्ट्रेलियाई तिलचट्टों की लंबाई लगभग 0.9 से 1.4 इंच (2.3 से 3.6 सेंटीमीटर) होती है। ऑस्ट्रेलिया की उप-उष्णकटिबंधीय जलवायु तिलचट्टों के अनुकूल है और यहां उनकी सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं।

**विशेषज्ञ ने क्या कहा?**

बाथर्स्ट की सांप पकड़ने वाली विशेषज्ञ स्टेफनी लेसर ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) को बताया कि इन बड़े विदेशी तिलचट्टों को संभवतः सरीसृपों (रेप्टाइल्स) के भोजन के रूप में बेचा जा रहा था। उनका कहना था कि बड़े आकार के कारण कम संख्या में कीड़ों से ही जानवरों को भोजन दिया जा सकता है, इसलिए यह सस्ता विकल्प माना जाता है।

**ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने क्या कहा?**

अधिकारियों ने पालतू जानवर रखने वालों से अपील की कि वे अपनी छिपकलियों को खिलाने के लिए झींगुर या वुड रोच (लकड़ी और सड़े हुए पेड़-पौधों में रहने वाले प्राकृतिक कीट) का इस्तेमाल करें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जीडीए का वृक्षारोपण अभियान शुरू

**- शिल्प उद्यान में पौधारोपण कर दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ, वर्ष में 1.50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा संजयनगर स्थित शिल्प उद्यान में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीडीए सचिव द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर अपर सचिव, वित्त नियंत्रक, विशेष कार्याधिकारी-1 एवं 2, मुख्य अभियंता सहित प्राधिकरण के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए प्रकृति, वन, झीलों, नदियों और वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सचिव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने, प्राकृतिक जलाशयों एवं झीलों के संरक्षण, वन्य जीवों की सुरक्षा, वृक्षों के अवैध कटान पर रोक तथा निर्माण कार्यों के दौरान प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया। जीडीए द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 1.50 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से एक लाख पौधे प्राधिकरण स्वयं लगाएगा, जबकि शेष पौधारोपण जनसहभागिता एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर शिल्प उद्यान सहित प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं स्थलों पर लगभग एक हजार पौधों का रोपण किया गया। जीडीए ने नागरिकों से भी वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए गाजियाबाद को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल शहर बनाने का आह्वान किया।





# 'उनसे मिलकर सम्मानित महसूस करूंगा'

### मोजतबा खामेनेई के साथ मुलाकात के लिए ट्रंप तैयार, होर्मुज पर कही यह बात

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्धविराम के बीच ईरान के सुप्रीम नेता मोजतबा खामेनेई के साथ मुलाकात की बात कही है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ जारी कूटनीतिक प्रयास किसी समझौते तक पहुँचते हैं, तो उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से मिलने में सम्मान महसूस होगा।



ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, ऐसी किसी भी मुलाकात का आयोजन अत्यंत सम्मानजनक तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुझे मिलना पड़ा, तो मुझे उनका सम्मान होगा। लेकिन अगर हम कोई समझौता करते हैं, तो यह संभव है कि मैं उनसे मिलूं। मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं होगी। ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि वह किसी भी मुलाकात में सम्मान के साथ पेश आएंगे और खामेनेई को शायद एक पेशेवर बताया, जिनकी कुछ हलकों में बहुत अच्छी प्रतिष्ठा है। ईरानी नेता के संबंध में अपनी टिप्पणी को स्पष्ट करते हुए ट्रंप ने कहा, कुछ लोग बुरा कहते हैं, लेकिन बहुत से लोग मेरे बारे में बुरा कहते हैं। निश्चित रूप से यह पूरी तरह से गलत है।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते का मुख्य हिस्सा यह होगा कि ईरान कोई परमाणु हथियार नहीं रख सकेगा। ट्रंप ने इस बात को दोहराया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार पर नियंत्रण कर सकता है, यदि वह ऐसा करना चाहे। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे दावा किया कि ईरान ने यूरेनियम का संवर्धन बंद कर दिया है और अमेरिकी अधिकारी इस सामग्री की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। ट्रंप ने फिर कहा कि होर्मुज को जल्द दुनिया के लिए खोल दिया जाएगा।

**क्यूबा पर लगाए नए प्रतिबंध**

ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, उनकी पत्नी और कई बड़े अधिकारियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने यह कदम क्यूबा की सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया है। इन प्रतिबंधों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आ गई है। क्यूबा ने अमेरिका के इस फैसले को अपनी संप्रभुता पर हमला और खुली दखलअंदाजी बताया है।

# कुवैत एयरपोर्ट पर हमले के आरोपों से ईरान का इनकार

## कहा- पैट्रियट मिसाइल सिस्टम की खराबी से हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** ईरान ने कुवैत एयरपोर्ट पर हमले के आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि नुकसान अमेरिकी पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता से हुआ। भारत में ईरानी राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा कि ईरान शांति और कूटनीति का समर्थक है।

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में ईरान की भूमिका से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि तेहरान की सैन्य जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि एयरपोर्ट की ओर कोई ईरानी मिसाइल नहीं दागी गई थी। उन्होंने दावा किया कि एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ, जिसके इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य भेदने में असफल रहने के बाद टर्मिनल क्षेत्र में गिर गए।

**ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा करेगाः** आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फतहाली ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुवैत और बहरीन द्वारा अपने क्षेत्र और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमलों के लिए करने देना अंतरराष्ट्रीय कानून और अच्छे पड़ोसी संबंधों का उल्लंघन है।

राजदूत ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और विवादों के समाधान के लिए हमेशा कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 8 अप्रैल को घोषित युद्धविराम का अमेरिकी बलों ने कई बार उल्लंघन किया, जिसके जवाब में ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत कार्रवाई की।



भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में ईरान की भूमिका से इनकार किया है। उन्होंने दावा किया कि एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ, जिसके इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य भेदने में असफल रहने के बाद टर्मिनल क्षेत्र में गिर गए।

**ईरान अपनी संप्रभुता की रक्षा करेगाः** आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फतहाली ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुवैत और बहरीन द्वारा अपने क्षेत्र और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमलों के लिए करने देना अंतरराष्ट्रीय कानून और अच्छे पड़ोसी संबंधों का उल्लंघन है। राजदूत ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और विवादों के समाधान के लिए हमेशा कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 8 अप्रैल को घोषित युद्धविराम का अमेरिकी बलों ने कई बार उल्लंघन किया, जिसके जवाब में ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत कार्रवाई की। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान संबंधी सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाले प्रस्ताव पर फतहाली ने कहा कि यह अमेरिका का आंतरिक मामला है, लेकिन तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कोई भी कदम सकारात्मक है।

### इस्राइल-लेबनान संघर्ष का भी किया जिक्र

इस्राइल-लेबनान संघर्ष पर ईरान के रुख को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि लेबनान की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थायी शांति के लिए लेबनान के खिलाफ युद्ध समाप्त होना आवश्यक है। वैश्विक समुदाय के लिए संदेश देते हुए फतहाली ने कहा कि ईरान का इतिहास शांति, सह-अस्तित्व और संवाद का रहा है। उन्होंने कहा कि स्थायी शांति और सुरक्षा केवल अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान, देशों के अधिकारों की मान्यता और रचनात्मक संवाद के जरिए ही संभव है। साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर सहयोग और बातचीत के लिए हमेशा तैयार है।

# सीएम योगी के जन्मदिवस पर हिंदू युवा वाहिनी का सेवा अभियान







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं हिंदू युवा वाहिनी के संस्थापक संरक्षक योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस को हिंदू युवा वाहिनी जनपद एवं महानगर गाजियाबाद इकाई ने शुक्रवार को सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर संगठन की ओर से शिकंजी वितरण, वृक्षारोपण, पूजा-अर्चना और फल वितरण जैसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजक शेखर त्रिपाठी, पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी रॉकी तोमर, पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अमित त्यागी, मेरठ मंडल प्रभारी रविंद्र चौहान, जिला प्रभारी विपिन गोयल, जिला अध्यक्ष मोहित गुर्जर, महानगर अध्यक्ष गौरव सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धरोहर परिषद के बच्चों ने किया मदर डेयरी प्लांट का भ्रमण

**- दूध प्रसंस्करण की प्रक्रिया सीखी**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखण्ड लोक भाषा साहित्य मंच, दिल्ली एवं डीपीएमआई द्वारा संचालित उत्तराखण्डी बोली-भाषा केंद्र धरोहर परिषद, इंदिरापुरम के बच्चों ने अध्यापकों व अभिभावकों के साथ पटपड़गंज स्थित मदर डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने खेल-खेल में दूध व दुग्ध उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण एवं वितरण की प्रक्रिया जानी। उन्हें बताया गया कि 1974 से मदर डेयरी किस तरह गांवों से दूध एकत्र कर आधुनिक तकनीक से उपभोक्ताओं तक पहुंचाती है। भ्रमण के दौरान सभी ने ठंडे मीठे दूध व आइसक्रीम का आनंद लिया। प्रबंधन ने बच्चों को जूट बैग, स्केल, पेंसिल, शार्पनर व की-रिंग उपहार में दिए। अभिभावकों ने भ्रमण को ज्ञानवर्धक व मनोरंजक बताया। इस अवसर पर धरोहर परिषद परिवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।




# शालीमार गार्डन में नागरिक सुरक्षा ने चलाया वृहद पौधारोपण अभियान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी नियंत्रक नागरिक सुरक्षा के निर्देशन में विजय पार्क, शालीमार गार्डन में ₹एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, उप नियंत्रक अनुराधा सिंह एवं सहायक उप नियंत्रक नेम सिंह के मार्गदर्शन तथा डिविजनल वार्डन ए के ठाकुर व ए के जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों व वार्डनों ने वृक्षारोपण कर पौधों की नियमित देखभाल की शपथ ली। कार्यक्रम में कार्यालय सहायक किशोरी लाल, डिप्टी डिविजनल वार्डन मंजूर हसन, अशोक कुमार, रमन सक्सेना, पी एल वर्मा, घटना नियंत्रण अधिकारी नीतिश कुमार सिंह, मंजुला शर्मा, एम पी रेड्डी, श्री प्रकाश, इंतजार राणा, आशिक अली, अरुण कुमार, सतवीर, धर्मेंद्र, समीर, गयुर अली, रविंद्र, रियाज, अब्दुल, संजय, संजय दास सहित अन्य वार्डन पदाधिकारी मौजूद रहे।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर मदरसों और मस्जिदों के आसपास लगाए गए पौधे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शुक्रवार को कैला भट्टा इस्लाम नगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मदरसों और मस्जिदों में पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में मस्जिदों के उलेमाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस्लाम नगर की मक्की मस्जिद के इमाम मौलाना मुज्तुबा कासमी ने कहां की वर्तमान स्थिति को देखते हुए पेड़ लगाना बहुत ही जरूरी हो गया है । यह एक नए कार्य है और इस कार्य में सबको अपने हिस्सेदारी तय करनी पड़ेगी तभी हमारा पर्यावरण शुद्ध होगा ।

महानगर भाजपा कार्य समिति सदस्य डॉ नदीम कुरैशी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास की बातें करती है ऐसे में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सभी को भाग लेना होगा। उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोगों को भाईचारा बनाकर सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पर्यावरण दिवस पर एक पेड माँ के नाम अभियान में जनता की सहभागिता और जन जागरण से ही कार्यक्रम सफल होते है। उपस्थित लोगों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर यहिया कुरैशी, शाहिद अब्बासी, असद अब्बासी, फकरुद्दीन अब्बासी आसिफ भाई आदि लोग मौजूद रहे।

06 June -26 page 8 05-06-26 11:04 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महापौर व नगर आयुक्त ने किया पौधारोपण

## दिया ग्रीन गाजियाबाद-क्लीन गाजियाबाद का संदेश







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लोहिया नगर स्थित पार्क में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, क्षेत्रीय पार्षदों, स्थानीय नागरिकों तथा निगम अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और हरियाली बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्रेरणा से चल रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम के उद्यान विभाग ने पिछले दो वर्षों में मियावाकी पद्धति से 20 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर कूड़ा निस्तारण कर तीन लाख से अधिक पौधे लगाए हैं, जो अब विकसित होकर अर्बन फॉरेस्ट का स्वरूप ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से शहर में बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 8,000 पौधे लगाए गए। इसके तहत लोहिया नगर के अलावा इको पार्क, एमबी गर्ल्स कॉलेज, गीता संजय मेमोरियल स्कूल के सामने स्थित पार्क, कौशांबी चित्रगुप्त पार्क, सूर्य नगर ब्लॉक-ए बड़ा पार्क, चंद्रशेखर पार्क सहित लगभग 46 स्थानों पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर निगम ने सभी नागरिकों से पौधों के संरक्षण और उन्हें वृक्ष बनने तक देखभाल करने की अपील की।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस कमिश्नरेट ने किया पौधारोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइंस, गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीपी ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन, प्रदूषण नियंत्रण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में एडिशनल सीपी केशव चौधरी, डीसीपी सिटी/मुख्यालय धवल जायसवाल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह सहित पुलिस कमिश्नरेट के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपने घरों, मोहल्लों और कार्यस्थलों पर पौधे लगाने की अपील भी की।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा के चुनावी दंगल में क्या इसबार किसी व्यापारी नेता ने भी कर ली है उतरने की तैयारी? कहने वाले ने कहा कि वो वैसे तो कर रहे हैं भाजपा के साथ कदमताल? मगर वो कह चुके हैं अपने मित्रमंडल में कि मुझे चुनाव तो लड़ना ही लड़ना है हर हाल? कहने वाले ने कहा कि एन मौके पर वो जा सकते हैं नीले हाथी वाले खेमे में? फिलहाल वो खुद को कर रहे हैं चुनावी चेहरे के रूप में फिट? देखने ये है कि उनके ख़्वाबों की स्टोरी हो पाएगी क्या हिट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी का दो महावत संगठन से ज्यादा कर रहे हैं जिला पंचायत से लेकर विधानसभा के सूटकेस वाले फेस पर खुद को फोकस? सुना है महावतों को मिल रही है 2027 से पहले ये भी नई टेंशन? अगर वाले मजबूत व्यवस्था वाले महावतों का नहीं कर पाये जुगाड़? उनकी सारी कर्मठता मानी जायेगी सिर्फ कबाड़? फिलहाल महावतों के सामने खड़ा है इंतजाम का एक पहाड़?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों से लेकर साईकिल वालों तक नहीं दिखती है किसी के चेहरे पर विकास की कोई चिंता? कहने वाले ने कहा कि ये फूल वाले ही हो रहे हैं बस विकास को लेकर परेशान? कांग्रेस वालों के वार्ड में चल रहा है दिनरात काम? वो उनके छूते हैं पांव और अगले दिन शुरू हो जाता है काम? क्यों कहा कहने वाले ने कि फ्लॉवर वाले पार्षदों को भी अपना लेना चाहिए ये ही स्टाईल? फिर देखना कैसे मूव करती है विकास वाली फाईल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या कमल वालों के यहां प्रकोष्ठ वाली रेस में दौड़ रहे हैं बहुत सारे फेस? कहने वाले ने कहा कि फार्मर वाले फ्रंट को लेकर क्या तीन ओबीसी चेहरे लगा रहे हैं जोर? कहने वाले ने कहा कि प्रकोष्ठ वाले फ्रेम में फिट होने के लिए दावेदारों ने लगा दिया है लखनऊ और दिल्ली में डेरा? कहने वाले ने कभी प्रकोष्ठ का जलवा ऐसा होगा हाई? हमने तो कभी सपने में भी नहीं सोचा था भाई ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चाहे मंत्री प्रभारी आयें या आ जायें प्रदेश के बड़े पदाधिकारी? ऐसा लगता है जैसे भाजपा के मीडिया सेल ने छोड़ दी है बड़े नेताओं के कार्यक्रम को कवरेज कराने की जिम्मेदारी? भाजपा के ही लीडर ने कहा कि कभी चौधरी साहब और मास्टर जी निभाते थे पूरी जिम्मेदारी? अब तो मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक पता ही नहीं चलता कौन खेल रहा है पारी? कहने वाले ने कहा कि क्या इस काम को देखने की भी खुद ही संभालेंगे भगवा योद्धा जिम्मेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या प्रदेश वाली टीम में आने जा रहा है गाजियाबाद के किसी जनप्रतिनिधि का नाम? कहने वाले ने कहा कि वो बन सकते हैं स्ट्रेट वाले मोर्चा के प्रदेश वाले प्रधान? क्या इस ताजपोशी के बाद उनकी राहें हो जायेंगी और अधिक आसान? लगनी है इस घोषणा से कई दिलजलों के सीने में आग ? बस अब ज्यादा दिन कहाँ बचे है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार भगवा लेडी फ्रंट वाली दावेदारी में नदियापार से घट जायेंगे दो नाम? कहने वाले ने कहा कि आप जिन नामों का लगा रहे हैं अनुमान? वो नाम घोषणा के वक्त हो जायेंगे गुमनाम? क्या ऐसे नाम को मिलेगा मौका जिसे आप समझ रहे थे अंजान? भगवा योद्धा के दिल में फाइनली क्या चल रहा है ? आज तक कहाँ कोई समझ पाया है श्रीमान ? इस झटके से अभी तक गागर और गूँज मचाने वाले कहाँ अब तक उभर पाये है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें तो समझ नहीं आता कि अगर वो कार्यकारिणी में नहीं रहना चाहते? तो क्यों नहीं देते वो अपना रिजाईन? कहने वाले ने कहा कि जुबानी जमा खर्च से काम नहीं चलेगा? वो बाहर कहते हैं, मैं नहीं हूं इस कार्यकारिणी में और अंदर दिखाई देते हैं वो बैठक में मौजूद? अगर उन्हें लग रहा है कि बड़ा है उनका वजूद तो क्यों हीं जाते कार्यकारिणी वाली लिस्ट से कूद? वो दिखाना चाहते है दिल की हकीकत ? मगर सब को लागत है झूट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार उस विधानसभा में चुनावी सहयोग का काफी रोचक रहने वाला है अंदाज? अगर विधायक जी का टिकट हो गया रिपीट तो बढ़ जायेगी यहां हैन्डपम्प वालों की हार्टबीट? सुना है यहां फ्लॉवर और हैन्डपम्प के बीच हैं गहरी दूरियां? क्या चुनाव के समय एक दूसरे को सपोर्ट करना होगा उनकी मजबूरियां?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के एक पार्षद लेकर चल रहे हैं तीन वार्ड से चुनाव लड़ने का प्लान? वो इन दिनों घूम रहे हैं अपने वार्ड के अलावा दो वार्डों में रोजाना? वो कह चुके हैं कि अगर मेरा वार्ड हो गया रिजर्व तो मैं करूंगा दूसरे वार्ड के लिए डिजर्व? कहने वाले ने कहा कि अगर तीनों वार्डों में तुम्हें ही होना है कन्सीडर? तो मौहल्ले में कीर्तन मंडली बना लें किसी समझदार को अपना लीडर?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# स्वर्गीय रामप्रसाद तोमर की शोकसभा में गणमान्यों ने दी नम आंखों से श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डा. अनिल तोमर के पिता रामप्रसाद तोमर का 29 मई को निधन हो गया था। स्वर्गीय रामप्रसाद तोमर की शोकसभा शुक्रवारको राजेन्द्र नगर में आयोजित की गयी। शोकसभा में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय रामप्रसाद तोमर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तोमर परिवार की ओर से स्वर्गीय रामप्रसाद तोमर के पुत्र डा. अनिल तोमर, सुधीर तोमर, भतीजे रणवीर सिहं तोमर तथा पोत्र अभिषेक राज तोमर, प्रतीक तोमर, आदित्य तोमर को सभी ने सांत्वना दी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने चलाया पौधारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण एवं जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में वन विभाग, यूपीसीडा और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में उद्यमियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में फॉरेस्ट अधिकारी, यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप सत्यार्थी, प्रबंधक धीरज मिश्रा तथा जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के सहायक आयुक्त विकास यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश मित्तल एवं चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने उद्यमियों व क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। उपस्थित उद्यमियों और कर्मचारियों को जल संरक्षण व हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण ही आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की नींव है।

कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, उद्यमियों और गणमान्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाने का संकल्प लिया।

# तेरापंथी सभा दिल्ली की नई टीम ने ली शपथ

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल कुमार बैंगानी एवं कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**नई दिल्ली।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल कुमार बैंगानी एवं उनकी कार्यकारिणी टीम का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को कीर्ति नगर स्थित इनोवेटिवी बैंक्वेट हॉल में श्रद्धा, गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।

समारोह में आचार्यश्री महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती बुद्धश्रुत मुनिश्री उदित कुमार, मुनिश्री जय कुमार एवं डॉ. मुनिश्री अभिजित कुमार का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। साधु-संघ के प्रेरणादायी मंगल उद्बोधनों ने उपस्थित समाजजनों को धर्म, सेवा और संगठन के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैयालाल जैन पटवारी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विकास मालू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजभूषण मांगीलाल सेठिया उपस्थित रहे। समारोह में तेजकरण सुराणा, संजय खटेड़, सुमन नाहटा एवं सुखराज सेठिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभा गीत से हुआ, जिसकी प्रस्तुति सांस्कृतिक प्रभारी जय सिंह दुगड़ एवं उनके सहयोगियों ने दी। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल कुमार बैंगानी, महामंत्री प्रदीप संचेती तथा उनकी टीम ने समाज सेवा, संगठन सुदृढ़ीकरण और तेरापंथ धर्मसंघ के आदर्शों के अनुरूप कार्य करने की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर उपस्थित समाजबंधुओं ने नवगठित टीम का अभिनंदन करते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

सभा के प्रचार-प्रसार प्रभारी हरीश जैन ने बताया कि समारोह में दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में तेरापंथ समाज के सदस्य, पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मंगलकामनाओं और सामूहिक शुभेच्छाओं के साथ हुआ।

# श्री राम कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह और राम जन्म प्रसंग का वर्णन, भक्तों ने लगाए जयकारे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** चित्रकूट धाम वाले पं. कृष्ण प्रताप तिवारी की संगीत मयी श्री राम कथा का तीसरा दिन शुक्रवार, श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। व्यास ने कथा का आरंभ शिव-पार्वती प्रसंग से किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार माता सती अपने पिता दक्ष के यज्ञ में सती हो गईं और फिर हिमाचल के घर माँ पार्वती के रूप में जन्म लेकर भोलेनाथ से विवाह किया। विवाह से पूरे संसार में प्रेम योग जागृत हुआ।

इसके बाद पं. तिवारी ने राम जन्म का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ के यहाँ संतान न होने पर तपस्या के फलस्वरूप स्वयं ईश्वर ने भगवान राम के रूप में माँ कौशल्या के गर्भ से जन्म लिया। कैकेयी के गर्भ से भरत तथा सुमित्रा के गर्भ से लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ। प्रभु के जन्म से पूरी अयोध्या और जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। मंदिरों में स्वतः घंटा-घड़ियाल बज उठे, जंगलों में हरियाली छा गई और वृक्ष फलों से लद गए। राजा दशरथ ने खुशी में नौकर-नौकरानियों को आभूषण, वस्त्र बांटे और भंडारे लगवाए।

आज के यजमान वीरेंद्र कुमार दुबे व संगीता दुबे रहे। कार्यक्रम में निगम पार्षद राजीव भाटी, युग गुर्जर, नीलेश मित्तल, सुभाष शर्मा, जन्मेजय शर्मा, पाठक किरणपाल भाटी, पं. विध्यभूषण गर्ग, हरि अग्रवाल, ओम प्रकाश शर्मा, शरद भाटी आदि क्षेत्रवासियों ने कथा का श्रवण किया।

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने कराया पौधारोपण 'एक पेड़ माँ के नाम' का दिया संदेश



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, गाजियाबाद महानगर के तत्वावधान में वसुंधरा वार्ड 54 के पार्षद सतेंदर चौधरी ने सेक्टर 5 में पोधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। उपस्थित लोगों ने स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण को आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला बताया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने एक पेड़ माँ के नाम के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर बीआर चौधरी राजेंद्र मास्टर अरुण चौहान योगीराज योगेश कहोली सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।

# बृज विहार मंडल में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा के केंद्रीय आह्वान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत बृज विहार मंडल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ए ब्लॉक एमआईजी तिकोना पार्क, वार्ड 68 बृज विहार तथा बी ब्लॉक पार्क, वार्ड 97 चंद्र नगर में किया गया। कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों ने मिलकर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया और उनकी देखरेख का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, मंडल प्रभारी अनिल खेड़ा, रीता सिंह, बृज विहार मंडल अध्यक्ष नीरज रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, वीरेंद्र सिंह, भूपेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा पार्षद भगवान अग्रवाल, विनय चौधरी, हिमांशु चौधरी, भूपेंद्र उपाध्याय, पूर्व पार्षद गोपाल कारगेती, पूनम त्यागी सहित मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक व मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने बताया कि यह पौधारोपण नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। सभी ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए पौधों के संरक्षण का दायित्व लिया।